दैनिक

# पुष्पांजली टुडे

नई सोच नई पहल

ग्वालियरः वर्षः 3 : अंकः 139 | ग्वालियर बुधवार, 08 मार्च 2023 | पृष्ठः 8 मूल्यः 2 रुपए


## होली से पहले मुंबई, पुणे व अहमदनगर में आंधी और गरज के साथ हुई बारिश

**नई दिल्ली।** होली से पहले ही देश की आर्थिक राजधानी और बॉलीवुड नगरी मुंबई में मंगलवार को तेज आंधी और गरज के साथ बारिश ने लोगों को भिगो दिया. इस आंधी और बारिश से जहां बाहर जाने वाले लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा, वहीं कुछ लोग होली के मौके पर बदले मौसम के इस मिजाज का लुत्फ उठाते भी नजर आए.



### मौसम विज्ञान विभाग ने की थी भविष्यवाणी

दरअसल, भारत मौसम विज्ञान विभाग ने मंगलवार की सुबह अगले 3-4 घंटों के दौरान मुंबई, पुणे, अहमदनगर जिलों में आंधी और बारिश की भविष्यवाणी की थी. इसके साथ ही मौसम विभाग ने लोगों को बाहर निकलते समय एहतियात बरतने के लिए भी कहा था. एक ट्विटर यूजर ने आंधी की वीडियो शेयर करते हुए लिखा कि मुंबई और महाराष्ट्र के कुछ हिस्सों में आज भारी बेमौसम बारिश हुई. आईएमडी ने आंशिक रूप से बादल छाए रहने और हल्की बारिश की संभावना और कभी-कभार 50-60 किमी प्रति घंटे की तेज हवाओं की भविष्यवाणी की है.

### कुछ हिस्सों में दो दिनों से हो रही है बारिश

भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के एक अधिकारी ने कहा कि चेतावनी मंगलवार की सुबह जारी की गई और यह दोपहर तक के लिए है. उन्होंने कहा कि पिछले दो दिनों में महाराष्ट्र के कुछ हिस्सों में बिजली गिरने के साथ बेमौसम बारिश हुई है. मुंबई और पड़ोस के कुछ क्षेत्रों में तेज हवा और गरज के साथ बारिश के बीच बिजली कटौती का भी सामना करना पड़ा. आईएमडी के एक अधिकारी ने कहा कि बारिश का यह दौरा दक्षिण कोंकण से मध्य छत्तीसगढ़ तक निचले क्षोभमंडल स्तरों पर चलने वाली एक ट्रफ की वजह से हुई है.

### फसलों को पहुंचा भारी नुकसान

आईएमडी अधिकारी ने कहा कि मुंबई अलावा, ठाणे, कल्याण-डोंबिवली, धुले और जलगांव में भी बारिश हुई. कुछ रिपोर्टों में कहा गया है कि जलगांव में बेमौसम बारिश और धुले जिले में ओलावृष्टि से फसलों को भारी नुकसान हुआ है. जलगांव जिले में भुसावल, मुक्ताईनगर और यावल तालुका में तेज हवाओं के चलने से केला, गेहूं, चना और मक्का जैसी फसलों को नुकसान पहुंचा. खोरी तिले इलाके में भी तूफान से खेतों को नुकसान पहुंचा है. आईएमडी अधिकारी ने कहा कि दक्षिण कोंकण से मध्य छत्तीसगढ़ तक चलने वाली ट्रफ के प्रभाव की वजह से गरज के साथ हल्की या मध्यम बारिश 6-8 मार्च के दौरान मध्य भारत में, महाराष्ट्र में 6-9 मार्च तक और राजस्थान और 6-7 मार्च को गुजरात में होने की संभावना थी.

## हमेशा सत्ता में नहीं रहेगी बीजेपी, राहुल गांधी ने फिर साधा पीएम मोदी पर निशाना

**नई दिल्ली।** कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने एक बार फिर बीजेपी और नरेंद्र मोदी सरकार पर निशाना साधा है. राहुल गांधी ने सोमवार (6 मार्च) को लंदन में कहा कि भारतीय जनता पार्टी को विश्वास है वह हमेशा भारत में सत्ता में बनी रहेगी, लेकिन ऐसा नहीं है और यह कहना कि कांग्रेस चली गई, ये एक हास्यास्पद विचार है. अपने हफ्ते भर के यूके दौरे के आखिरी दिन सोमवार शाम चैथम हाउस थिंक टैंक में एक बातचीत सत्र को संबोधित करते हुए, राहुल गांधी ने कांग्रेस के नेतृत्व वाली संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (यूपीए) सरकार की विफलता के पीछे के कारण भी बताए. राहुल गांधी ने कहा, यदि आप आजादी से लेकर अब तक के समय को देखते हैं, तो कांग्रेस पार्टी ज्यादातर समय सत्ता में रही है. भाजपा के 10 साल सत्ता



में रहने से पहले, हम 10 साल सत्ता में थे. बीजेपी यह मानना पसंद करती है कि वह भारत में सत्ता में आई है और हमेशा के लिए सत्ता में रहने वाली है, ऐसा नहीं है. केरल के वायनाड से सांसद राहुल गांधी ने भारत में हो रहे बदलावों की ओर भी इशारा किया, जिसने कांग्रेस और यूपीए सरकार को अचंभित कर दिया था, जैसे कि ग्रामीण से शहरी में बदलाव. उन्होंने कहा, हम ग्रामीण क्षेत्र पर बहुत अधिक ध्यान केंद्रित कर रहे थे और हम शुरुआत में शहरी क्षेत्र में चूक गए, यह एक तथ्य है. लेकिन यह कहना कि भाजपा सत्ता में है और कांग्रेस चली गई है, यह वास्तव में एक हास्यास्पद विचार है. वहीं दूसरी तरफ भारतीय जनता पार्टी ने भी राहुल गांधी के हमलों का जवाब दिया है. भाजपा ने राहुल गांधी पर चीन की प्रशंसा करते हुए विदेशी धरती पर भारत को बदनाम करने का आरोप लगाया है. केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने सोमवार को कहा, भारत के साथ विश्वासघात मत करो, राहुल गांधी जी. भारत की विदेश नीति पर आपत्तियां इस मुद्दे की आपकी अल्प समझ का प्रमाण हैं. कोई भी उस झूठ पर विश्वास नहीं करेगा जो आपने भारत के बारे में विदेशी धरती से फैलाया है. अनुराग ठाकुर ने आरोप लगाया कि राहुल गांधी ने अपनी विफलताओं को छिपाने की साजिश के तहत विदेशी धरती से भारत को बदनाम करने का सहारा लिया है.

## सुरक्षाबलों ने आतंकियों की बड़ी साजिश की नाकाम

जम्मू कश्मीर के बारामुला में सुरक्षाबलों ने बड़ी कार्रवाई करते हुए प्रतिबंधित आतंकी संगठन द रजिस्टेंट फ्रंट से जुड़े 2 आतंकियों को गिरफ्तार किया है. आतंकियों के पास से भारी मात्रा में गोला-बारूद और आपत्तिजनक सामग्री बरामद हुई है. आतंकियों की पहचान खुर्शीद अहमद और रेयाज अहमद के रूप में हुई है. दोनों बारामुला के जंदपाल कुंजर के रहने वाले हैं. बारामुला पुलिस को कुंजर गांव में आतंकवादियों की मौजूदगी की सूचना मिली थी. इसके बाद पुलिस और सीआरपीएफ की 176 बटालियन की टीम ने संयुक्त रूप से गांव में सर्च ऑपरेशन शुरू



किया. अभियान के दौरान दो संदिग्ध व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया. इनके कब्जे से एके 47 मैगजीन और गोलियां बरामद की गईं. तलाशी के दौरान प्रतिबंधित संगठन द रजिस्टेंट फ्रंट के पोस्टर भी बरामद किए गए. पूछताछ के दौरान दोनों संदिग्धों ने खुलासा किया कि वे प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन टीआरएफ के लिए काम कर रहे हैं. आतंकियों ने बताया कि इन अवैध गोला-बारूद का इस्तेमाल आस-पास के इलाके में आतंकी गतिविधियों को अंजाम देने के लिए किया जाना था. पुलिस ने इन सभी को गिरफ्तार कर कुंजर थाने में आर्म्स और यूएपीए की धाराओं को तहत मामला दर्ज किया है. मामले की जांच की जा रही है.

## पत्नी राबड़ी के बाद सवालों से हुआ लालू यादव का सामना



**नई दिल्ली।** जमीन के बदले नौकरी के मामले में सीबीआई की एक टीम ने आज (7 मार्च) लालू यादव से उनके दिल्ली स्थित आवास पर पूछताछ की. लालू यादव से करीब 2.30 तक सवाल-जवाब किए गए. इसी मामले में सोमवार को सीबीआई ने उनकी पत्नी व बिहार की पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी से पटना में पूछताछ की थी. करीब 4 घंटे तक सवाल-जवाब हुए थे. राउज एवेन्यू कोर्ट ने इस मामले में सभी आरोपियों को पेश होने के लिए समन भी जारी किया हुआ है. सीबीआई ने इस मामले में बिहार की पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी से पटना स्थित उनके आवास पर सोमवार को पूछताछ की थी. इस संबंध में सीबीआई के अधिकारियो ने बताया कि राबड़ी देवी के घर की कोई तलाशी नहीं ली गई और न ही छापा मारा गया है. उन्होंने बताया कि सीबीआई ने राबड़ी देवी को नोटिस जारी किया था, जिसके बाद उन्होंने सोमवार को उपलब्ध रहने की बात कही थी और जांच एजेंसी की टीम उनसे पूछताछ करने के लिए उनके आवास पर गई. सीबीआई मामले में चार्जशीट दाखिल कर चुकी है. विशेष अदालत ने लालू यादव और उनके परिवार के सदस्यों सहित अन्य आरोपियों को 15 मार्च को अदालत में पेश होने के लिए सम्मन जारी किया है. अधिकारियों ने बताया कि जांच एजेंसी ने कथित घोटाले की जांच खुली रखी है और मामले में आगे की जांच के तहत लालू प्रसाद के परिवार के सदस्यों से पूछताछ की जा रही है. उन्होंने बताया कि सीबीआई की टीम इस संबंध में लालू यादव के परिवार से कुछ और दस्तावेज भी मांग सकती है. बता दें कि यह मामला लालू प्रसाद के 2004 से 2009 के बीच रेल मंत्री रहने के दौरान उनके परिवार को तोहफे में जमीन दे कर या जमीन बेचने के बदले में रेलवे में कथित तौर पर ग्रुप-डी की नौकरी दिए जाने से संबंधित है. प्राथमिकी में आरोप लगाया गया है कि कुछ लोगों को मुंबई, जबलपुर, कोलकाता, जयपुर और हाजीपुर में स्थित रेलवे के विभिन्न जोन में 2004-2009 के दौरान ग्रुप-डी पदों पर नियुक्त किया गया और इसके बदले में उन लोगों ने या उनके परिवार के सदस्यों ने लालू यादव और एके इंफोसिस्टम्स प्राइवेट लिमिटेड नामक कंपनी के नाम पर अपनी जमीन दी. बाद में इस कंपनी का स्वामित्व प्रसाद के परिवार के सदस्यों ने अपने हाथ में ले लिया था. ये भी आरोप लगाया गया है कि पटना में लालू प्रसाद के परिवार के सदस्यों ने पांच बिक्री सौदों, दो उपहार सौदों के माध्यम से 1,05,292 वर्ग फुट जमीन लोगों से ली. इसके लिए विक्रेताओं को नगद भुगतान करने को कहा गया. इस जमीन की कीमत वर्तमान सर्किल रेट के अनुसार 4.32 करोड़ रुपये है, लेकिन लालू प्रसाद के परिवार को यह जमीन इससे बहुत कम दाम में बेची गई.

## यूपी का एक गांव ऐसा जहां होलिका दहन नहीं होता, भगवान शिव से जुड़ी है मान्यता

उत्तर प्रदेश के सहारनपुर के एक गांव में होलिका दहन नहीं किया जाता है. बरसी गांव का मानना है कि अगर यहां होलिका दहन किया जाएगा तो भगवान शिव के पैर जल जाएंगे और इसलिए होलिका दहन नहीं किया जाता है. स्थानीय महिलाएं होली की पूर्व संध्या पर होलिका दहन करने के लिए बगल के गांव में जाती हैं. बरसी में भगवान शिव का एक प्राचीन मंदिर है, जिसके बारे में कहा जाता है कि यह महाभारत जितना पुराना है, और इस लोकप्रिय कथा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है. मान्यता के अनुसार, मंदिर कौरवों और पांडवों द्वारा बनाया गया था, लेकिन कुछ असहमति के कारण, पांच पांडवों में से एक भीम ने अपनी गदा का इस्तेमाल किया और मंदिर के प्रवेश द्वार की दिशा पूर्व से पश्चिम की ओर बदल दी. इस वजह से लोगों का मानना है कि होलिका की आग जलाने से



भगवान शिव के पैर जल जाएंगे.

ग्राम प्रधान आदेश चौधरी ने कहा कि होलिका दहन के लिए सभी महिलाएं बगल के गांव तित्रोल में जाती हैं. मुझे नहीं पता कि यह अनुष्ठान कब से शुरू हुआ लेकिन यह काफी समय से ऐसा ही रहा है. यह एक परंपरा है और सीधे धार्मिक भावनाओं से जुड़ी है. किसी ने भी इसे बदलने की कोशिश नहीं की है. मुझे नहीं लगता कि कोई भी इसे बदलेगा. बता दें कि होलिका दहन की पूजा में सबसे पहले गणपति जी का स्मरण करें. फिर होलिका पर गंगाजल छिड़कें. अब हल्दी, कुमकुम, अक्षत, गुलाल, नारियल, उपले की माला, फूल, गेहूं की बालियां होलिका को अर्पित करें. सभी सामग्री मंत्रोंच्चार के साथ चढ़ाएं. प्रह्लाद, नृसिंह भगवान के मंत्रों का जाप करें. फिर होलिका में जल चढ़ाते हुए 7 बार परिक्रमा करें. कहते हैं होलिका की पूजा पुरुषों को करना चाहिए.

## मेरा सिर काट देना अगर सरकार के फैसले के विरोध पर बोलीं सीएम ममता बनर्जी



**नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल में विपक्षी बीजेपी, कांग्रेस और वामपंथी केंद्र सरकार के कर्मचारियों के बराबर महंगाई भत्ते या डीए की मांग कर रहे हैं. मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने महंगाई भत्ते के मुद्दे पर विपक्ष समर्थित विरोध प्रदर्शन पर निशाना साधा है. उन्होंने कहा कि राज्य के पास अपने कर्मचारियों को अधिक भुगतान करने के लिए फंड नहीं है. मुख्यमंत्री ने कहा, वो और ज्यादा मांगते रहते हैं, मैं और कितना दूंगी। ममता बनर्जी ने विरोध प्रदर्शन पर गुस्सा जाहिर करते हुए कहा, ÷हमारी सरकार के लिए और अधिक डीए (महंगाई भत्ता) देना संभव नहीं है. हमारे पास पैसा नहीं है. हमने अतिरिक्त 3 प्रतिशत डीए दिया है. अगर आप इससे खुश नहीं हैं तो आप मेरा सिर काट सकते हैं, आपको और कितना (डीए) चाहिए। राज्य की वित्त मंत्री चंद्रिमा भट्टाचार्य ने 15 फरवरी को विधानसभा में 2023-24 का बजट पेश किया था. इस दौरान उन्होंने घोषणा की थी कि सरकार मार्च से शिक्षकों और पेंशनभोगियों सहित अपने कर्मचारियों को 3 प्रतिशत अतिरिक्त डीए का भुगतान करेगी. बता दें कि अब तक, राज्य मूल वेतन का 3 प्रतिशत डीए के रूप में दे रहा था और बजट घोषणा का मतलब था कि सरकार मार्च से शिक्षकों और पेंशनभोगियों सहित अपने कर्मचारियों को 3 प्रतिशत अतिरिक्त डीए का भुगतान करेगी. मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने अपने भाषण में वामपंथियों और बीजेपी पर निशाना साधा. दोनों पार्टियां राज्य सरकार के कर्मचारियों की केंद्र सरकार के कर्मचारियों के बराबर डीए की मांग का समर्थन कर रही हैं. ममता बनर्जी ने पूछा, ÷केंद्र सरकार और राज्य सरकार के वेतनमान अलग-अलग हैं. आज बीजेपी, कांग्रेस और सीपीएम एक साथ आ गए हैं. कौन सी सरकार वेतन के साथ इतनी छुट्टियां देती है। विपक्ष पर निशाना साधते हुए बंगाल की मुख्यमंत्री ने कहा, मैंने सरकारी कर्मचारियों को 1.79 लाख करोड़ डीए का भुगतान किया है. हम 40 दिनों की पेड लीव देते हैं. आप केंद्र सरकार से तुलना क्यों कर रहे हैं। हम मुफ्त चावल देते हैं, लेकिन रसोई गैस की कीमत देखें। उन्होंने चुनाव के एक दिन बाद ही कीमत बढ़ा दीं. इन लोगों को संतुष्ट होने के लिए और क्या चाहिए।

## मनीष सिसोदिया से पूछताछ के लिए तिहाड़ जेल पहुंची ईडी की टीम

**नई दिल्ली।** दिल्ली आबकारी नीति मामले में अब मनीष सिसोदिया से पूछताछ करने के लिए प्रवर्तन निदेशालय की एक टीम तिहाड़ जेल पहुंच गई है. ये पहली बार है जब ईडी आबकारी मामले में दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया से पूछताछ कर रही है. आबकारी मामले में मनीष सिसोदिया को दिल्ली की एक अदालत ने 20 मार्च तक के लिए न्यायिक हिरासत में भेजा है. उनकी जमानत पर 10 मार्च को सुनवाई होगी. ईडी की इस पूछताछ पर दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल का बयान सामने आया है. उन्होंने कहा कि सिसोदिया ने स्कूलों का कायाकल्प कर दिया. सिसोदिया ने गरीबों तक शिक्षा पहुंचाई. मनीष और सत्येंद्र देश के लिए जान भी दे सकते है. केजरीवाल ने आगे कहा, देश के पीएम देश को लूटने वालों का साथ देते हैं, वहां आम लोगों के लिए काम करने वाला कोई नहीं बचता है. मैं होली वाले दिन देश के लिए पूरा दिन प्रार्थना दूंगा... देश वासी भी मेरे साथ, भगवान का ध्यान करूंगा.



पीटीआई-भाषा ने सूत्रों के हवाले से कहा है कि ईडी ने आबकारी मामले में एक और गिरफ्तारी की है. उसने हैदराबाद के शराब कारोबारी अरुण रामचंद्र पिल्लई को हिरासत में लिया है. ईडी के अधिकारी धन शोधन रोकथाम कानून के तहत सिसोदिया का बयान भी दर्ज कर रहे हैं. बता दें कि सीबीआई ने इस मामले में सिसोदिया को पिछले महीने गिरफ्तार किया था और वो अभी न्यायिक हिरासत में हैं. पिल्लई को लंबी पूछताछ के बाद सोमवार (6 मार्च) शाम को धन शोधन रोकथाम कानून की आपराधिक धाराओं के तहत हिरासत में लिया गया. प्रवर्तन निदेशालय ने इस मामले में अभी तक 11 लोगों को गिरफ्तार कर लिया है. सूत्रों ने पीटीआई-भाषा बताया कि पिल्लई को एक स्थानीय अदालत में पेश किया जाएगा, जहां ईडी पूछताछ के लिए उनकी हिरासत देने का अनुरोध करेगी. सोमवार को दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने आप नेता मनीष सिसोदिया को 20 मार्च तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया था. सिसोदिया को 26 फरवरी को राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली (जीएनसीटीडी) की आबकारी नीति के निर्माण और कार्यान्वयन में कथित अनियमितताओं से संबंधित एक मामले की चल रही जांच में गिरफ्तार किया गया था. आप के विधायक सौरभ भारद्वाज ने कहा है कि जब तक जमानत का फैसला नहीं हो जाता, अदालत के पास न्यायिक हिरासत बढ़ाने के अलावा कोई विकल्प नहीं है. आज सीबीआई के पास कोई सवाल नहीं था, जिसके लिए उन्होंने मनीष सिसोदिया से पूछताछ की मांग की होती, जमानत पर सुनवाई 10 मार्च को होगी, तब तय होगा कि उन्हें जमानत मिलती है या उनकी रिमांड बढ़ाई जाती है.

# शिवपुरी पुलिस की विशेष किशोर इकाई द्वारा बालकों के प्रति विशेष संवेदनशीलता विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया

**संवादाता हरिओम परिहार की रिपोर्ट**

**शिवपुरी।** पुरानी कोतवाली परिसर में संचालित विशेष किशोर पुलिस इकाई शिवपुरी में सोमवार को बालकों के संबंध में किशोर न्याय बोर्ड एवं पोक्सो न्यायालय तक प्रकरण प्रस्तुत किये जाने के संबंध में आने बाली व्यवहारिक कठिनाईयों का कानूनी तरीके से पालन करने संबंधी निर्देष एस.एस.पी. श्री राजेष चंदेल द्वारा दिये गये। पुलिस अधीक्षक शिवपुरी ने बाल कल्याण अधिकारियों को बालकों के साथ जहां विशेष संवेदनषीलता बरतने और अतिरिक्त सुरक्षा संबंधी निर्देष दिये वहीं बालकल्याण अधिकारियों को बालकों से संबंधित बाल कल्याण समिति, चाईल्ड लाईन वन स्टॉप सेंटर, सीजेपीयू , महिला बालविकास व किषोर बोर्ड सदस्यों के साथ समन्वय के साथ काम करने के टिप्स दिये। कार्यषाला में आमंत्रित सचिव चाईल्ड कंजर्वेषन फाउण्डेशन भोपाल विषय विशेषज्ञ श्री कृपाषंकर चौबे ने जुबेनाइल जस्टिस एक्ट एवं पोक्सो एक्ट से संबंधित अतिमहत्वपूर्ण कानूनी व व्यवहारिक जानकारियों को समझाकर प्रष्नोत्तरी के माध्यम से अनेक समस्याओं का समाधान खोजने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। इस कार्यषाला में बालकों के प्रति नर्म व्यवहार, बालकों को न्यायालय तक प्रस्तुत करने में सादा कपड़ों में उपस्थित रहने अभियोग पत्रों को निर्धारित अवधि में माननीय न्यायालय में प्रस्तुत किये जाने






अभियोग पत्रों में सामाजिक पृष्ठभूमि रिपोर्ट व आयु निर्धारण संबंधि दस्तावेजों को संलंग्न किये जाने की समझाइस दी गई। माननीय किशोर न्यायबोर्ड व पोक्सो न्यायालय से संबंधित समंस/वारंटों की शत प्रतिषत तामीली उपरांत नियत दिनांक से पूर्व माननीय न्यायालय में वापस भिजवाई जाने में रूचि लेने हेतू व अन्य संस्थाओं से समन्वय बिठाकर कार्य करने संबंधी निर्देष श्रीमान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री प्रवीण भूरिया द्वारा दिये गये। इस कार्यषाला में किशोर न्यायबोर्ड सदस्य श्री अजय खेमरिया एवं बाल कल्याण समिति अध्यक्ष श्रीमति सुषमा पाण्डे द्वारा भी अपने विचार व्यक्त किये गये। इस कार्यषाला का संचालन विशेष किशोर पुलिस इकाई प्रभारी श्रीमति गायत्री इटोरिया द्वारा किया गया। इस कार्यषाला में रक्षित निरीक्षक श्री भरतसिंह यादव व बाल कल्याण समिति अध्यक्ष श्रीमति सुषमा पाण्डे सदस्य श्री उमेष भारद्वाज, श्रीमति सुगंधा शर्मा, श्री रघुवीर श्रीवास, किशोर न्यायबोर्ड सदस्य श्री अजय खेमरिया व श्रीमति शोभा पुरोहित, वन स्टॉप सेंटर से श्रीमति कंचन गौड़, ममता संस्था जिला संयोजक श्रीमति कल्पना, बाल ग्रह से श्री हिम्मत रावत व श्रीमति मनीषा महिला बालविकास अधिकारी श्री देवेन्द्र सुंदरियाल, सहायक संचालक श्री आकाष अग्रवाल सहित चाईल्ड लाईन से कोऑर्डिनेटर श्री अरूण सेन, सौरभ भार्गव व विशेष किशोर पुलिस इकाई में पदस्थ कर्मचारी विपिन शर्मा, चेतन बंसल, दीपक पाठक, बैजन्ती मौर्य और प्रतिपाल सहित जिले के बाल कल्याण अधिकारियों ने कार्यषाला में भाग लिया।

# पोहरी बस स्टैंड पर जम कर किया जा रहा अतिक्रमण

**अनिल कुशवाह प्रभारी पुष्पांजलि टुडे**

शिवपुरी- खबर शिवपुरी शहर के कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली पोहरी बस स्टैंड से है जहां पर बस स्टैंड पर बने प्लेटफार्म को अतिक्रमण कर लिया गया है और छोटी-छोटी दुकानें खोलकर पूरे प्लेटफार्म को कब्जे में ले लिया है जहां पर यात्रियों के बैठने की जगह थी वहां पर भी अतिक्रमणकारियों ने अपनी-अपनी दुकानें खोलकर यात्रियों को बैठने की जगह खत्म कर दी है जिन अतिक्रमण करने वाले लोगों ने दुकान खोली है वह वही के बस कंडक्टर और बस के स्टाफ की मिलीभगत से लगातार अतिक्रमण किया जा रहा है जिसकी सूचना नगरपालिका के कर्मचारियों को भी है लेकिन वह अतिक्रमण को हटाने में सक्षम नहीं है जिसका कारण कहीं ना कहीं मिलीभगत नजर आता है जब मीडिया द्वारा जानकारी ली गई तो वहां पर रहने वाले गुंडे मीडिया के लोगों को मारने और धमकी देने का कार्य करने लगे जिस पर उनकी शिकायत भी की गई लेकिन अभी तक कोई अतिक्रमण वहां से हटाया नहीं गया है बस स्टैंड के ठेकेदार अतिक्रमण नहीं हटा पा रहे हैं क्योंकि वह हर दुकान से पैसे लेते हैं जिसके कारण वह भी दुकानदारों के द्वारा किए गए अतिक्रमण को हटाने में सक्षम नहीं है लगातार बढ़ रहे अतिक्रमण के कारण लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है बस स्टैंड पर इंतजार करने के लिए बैठने के लिए भी जगह नहीं है बस स्टैंड पर खोली गई दुकानों पर रात के समय पार्टी का माहौल रहता है लोग वहां पर शराब आदि का सेवन करते हैं और वहां गाली-गलौज करते हैं जिससे वहां पर आने वाली सवारी हो को परेशानी का सामना करना पड़ता है लेकिन सोए हुए प्रशासन के कानों में फलक तक नहीं लगती की बस स्टैंड पर कितना अतिक्रमण हो चुका है धीरे-धीरे पूरे बस स्टैंड पर दुकान है खुलती जा रही है जिससे आने वाले समय में लोगों को और भी परेशानी का सामना करना पड़ेगा।



# गिरिराज धरण मंदिर की परिक्रमा बा होली उत्सव मनाया गया

**ब्यूरो रिपोर्ट, हरिओम चतुर्वेदी**



**दिनारा।** प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी उमंग व उत्साह का पर्व होली गिर्राज धरण मंदिर पर बड़े धूमधाम बा उत्साह एसे मनाया गया। गिरिराज धरण मंदिर के महंत रामदास जी महाराज जी ने बताया कि 7 मार्च को पूर्णिमा होने की चलते भक्तों द्वारा सुबह 8ञ्00 से ढोल डीजे के साथ गिरिराज धरण मंदिर की 4 किलोमीटर की परिक्रमा लगाई गई परिक्रमा गिर्राज धरण से चलकर तालाब से होती हुई मेन बाजार में होते हुए गिर्राज धरण पर पहुंची भक्तों ने जयकारा लगाते हुए होली खेलते हुए आनंद लिया साथ में गिरिराज धरण मंदिर पर फूलों की होली खेली गई अशोक मामा के द्वारा मंदिर पर 56 भोग लगवाया गया अशोक मामा के द्वारा नमकीन चना की प्रसादी वितरण की गई बताया जाता है की



होली की पूर्णिमा को गिरजाघर मंदिर की परिक्रमा मैं माताएं बहने बच्चे सहित बड़ी संख्या में भक्त शामिल होती है।

# एफआरबी पायलट रवि त्रिपाठी ने पकड़ा मोटरसाइकिल चोर

## कोतवाली टीआई ने किया रवि त्रिपाठी को सम्मानित

**अनिल कुशवाहा प्रभारी पुष्पांजलि टुडे**

**शिवपुरी-** खबर शिवपुरी कोतवाली थाना क्षेत्र से है जहां पर हाल ही में शातिर बाइक चोरों का खुलासा हुआ है जिनके पास से 30 से अधिक मोटरसाइकिल बरामद हुई है मोटरसाइकिल चोरों में मास्टरमाइंड शिवकुमार को पकड़ने वाले डायल 100 के पायलट रवि त्रिपाठी ने अपने मुस्तैदी दिखाते हुए पकड़ा जिसको कोतवाली थाना क्षेत्र की पुलिस तलाश रही थी जब डायल हंड्रेड के पायलट रवि त्रिपाठी नजर मोटरसाइकिल चोरी करने वाले मास्टरमाइंड पर पड़ी तो उसको तुरंत ही पकड़ लिया और पकड़ कर तुरंत कोतवाली में पहुंचा दिया जिस पर कोतवाली थाना के टीआई अमित भदौरिया ने पायलट रवि त्रिपाठी को बुलाकर सम्मानित किया और आगे से इसी प्रकार मुस्तैद रहने की सलाह दी इस पर रवि त्रिपाठी ने कोतवाली प्रभारी अमित भदोरिया को धन्यवाद दिया।



VEDANTA PVT. INDUSTRIAL TRAINING INSTITUTE, Estd. 2015, MEHGAON, BHIND
वेदांत प्रा. I.T.I.
ट्रेड :- इलेक्ट्रीशियन, फिटर
योग्यता 10वीं पास
Mob. 7000404914, 7694927881
भिण्ड रोड़, मेहगाँव, जिला भिण्ड (म.प्र.)

!! जय श्री सिद्ध गुरुदेव !!
10th All Sub.
9302855225
9144741160
(CBSE & NCERT BOARD)
HINDI & ENGLISH MEDIUM
By: योगेन्द्र सर
म.प्र. शासन की "BHIM" योजना के अंतर्गत Registration करवायें और Fees में 15% की छूट पाये
Coming Soon
REGISTRATION OPEN
Visit our website www.yogendrasirgwalior.com
YOGENDRA SIR OFFICIAL APP
GET IT ON Google Play
पता- फोर्ट रोड सब्जी मंडी पुल के पास, हजीरा ग्वालियर ।

# कार्यालय नगर परिषद आंतरी जिला - ग्वालियर (म. प्र.)

Email - cmoantri@mpurban.gov.in

क्रमांक/ न0प0/2023/126 — दिनांक 07/03/2023

## //ऑनलाइन निविदा आमंत्रण सूचना //

सर्व साधरण को सूचित किया जाता है कि नगर परिषद आंतरी द्वारा निर्मित 5 दुकाने ब्लॉक, खाली जगह (दुकान) जिसका विवरण नीचे अंकित है उक्त दुकान को मासिक लायसेंस शुल्क पर 30 वर्ष के लिये प्रीमियम वेसिस पर दिया जाना है, प्रीमियम राशि का ऑफर प्रस्ताव ऑनलाईनं दिनांक 22/03/2023 तक समय 5:00 बजे तक किया जा सकता है। ऑफर प्रस्ताव में भाग लेने से पूर्व निर्धारित अमानत राशि जमा करना होगी। दुकान का किराया 1800 /- रूपये मासिक निर्धारित है ।

| क्र. | दुकान का विवरण | आरक्षण की स्थिति | दुकान का क्रमांक | निर्धारित अमानत राशि | अनुमानित राशि | स्थान जहां नीलामी होगी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | नगर परिषद आंतरी द्वारा निर्मित 5 दुकानें ब्लॉक A | दुकान क्रमांक 01.02.04 व 05 सामान्य हेतु एवं दुकान क्रमांक 03 अनुसूचित जाति | 01 से 05 | 20000/- | 3,60,000/- | कार्यालय नगर परिषद आंतरी |

**शर्ते-:**

1.निविदा प्रपत्र एवं दर ऑफर आनॅलाइन निविदा प्रकाशन से दिनांक 08.03.2023 को सायं 05:30 बजे तक प्रस्तुत की जा सकती है।

2.निविदा हेतु लिफाफे जिसमें प्रथम लिफाफा (Envelope-A), निर्धारित अमानत राशि की ऑनलाइन ट्रांन्जेक्शन रिसीप्ट / NEFT / RTGS प्रति एवं रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट एवं 100 रुपये के स्टाम्प पर निर्धारित प्रारुप में एफीडेविट एवं अन्य निविदा प्रपत्र में दिये गये अन्य दस्तावेज ऑनलाइन अंतिम तिथि 22.03.2023 को सायं 05:30 तक सबमिट ऑनलाइन सबमिट करें। फिजिकल बिड की आवश्यकता नहीं है ।

3. (Envelope-A) मेन्डेटरी दस्तावेज एवं अन्य नियत दस्तावेज ऑनलाइन ऑपन दिनांक 23.03.2023 सायः 05:30 बजे से ।

4. दुकानों की नीलामी सम्पत्ति अंतरण अधिनियम 2016 के अनुसार किया जावेगा।

5. नीलामी में भाग लेने वाले व्यक्ति को बोली में भाग लेने के पूर्व प्रतिभति निक्षेप राशि रूपये 20,000/- नगदी य बैंक ड्राफ्ट के माध्यम से जमा कराना अनिवार्य होगा। अन्यथा कोई भी व्यक्ति नीलामी में भाग लेने के लिए पात्र नही होगा।

6.1 से अधिक दुकानो की बोली लगाने की स्थिति में प्रत्येक दुकान के लिए अलग-अलग प्रतिभूति राशि जमा करानी होगीं।

7. उच्चतम बोली म.प्र. नगर पालिका अचल सम्पत्ति अंतरण नियम 2016 के नियम 7 में या विर्निष्ट प्राधिकारियो की मंजूरी के अधीन होगी ।

8. उपरोक्त शर्त 4 में यथानिर्दिष्ट प्राधिकारी किसी उच्चतम बोली के मंजूर करने लिए बाध्य नही होगा

9. अंतिम उच्चतम बोली की 25 प्रतिशत राशि निविदा प्रस्तुत करने की दिनांक से 21 दिवस में जमा की जावेगी और शेष राशि सूचना पत्र प्राप्त होने की दिनांक से 120 दिवस के अन्दर जमा करायी जायेगी ।

10. यदि नीलामी बोली दाता उक्त कालावधि में ऐसी सम्पूर्ण राशि जमा नही कराता है तो उसकी जमाशुदा राशि राजसात करली जावेगी।

11. यथास्थिति नीलामी प्रक्रिया समाप्त होने पर तत्काल पश्चात बोली लगाने वाले की प्रतिभूति निक्षेप को छोडकर शेष सभी बोली लगाने वालों की प्रतिभूति निक्षेप राशि वापिस कर दी जावेगी ।

12. उस दशा में जब बोली लगाने वाला जिसकी बोली स्वीकृत की गयी है नियत समय के भीतर नीलामी राशि जमा नही कराता है तो शर्त क्रमांक 05 में यथनिर्दिष्ट प्राधिकारी दूसरे उच्चतम बोली लगाने वाले की बोली को मंजूर कर सकेगा। तथा विहित सूचना पर ऐसी बोली लगाने वाला भी विहित समय के भीतर निलामी राशि जमा नही कराता है तो ऐसी बोली लगाने वाले को प्रतिभूति निक्षेप राशि भी राजसात की जावेगी ।

13. प्रत्येक दुकान का मासिक किराया दुकान की नीलामी विज्ञप्ति में निर्धारित है जो प्रत्येक माह की 5 तारीख तक जमा कराना आवश्यक होगा अन्यथा 12 प्रतिशत अधिभार के साथ वसूल किया जावेगा।

14. आरक्षित श्रेणी की दुकाने ना तो हस्तांतरित की जावेगी और ना ही अन्य व्यक्ति को किराये पर दी जावेगी। ऐसा पाये जाने पर दुकान का आवंटन तत्काल निरस्त कर दिया जावेगा ।

15. दुकान आवंटित होने के पश्चात दुकान का पंजीयन 15 दिवस के अन्दर यथा संभव करवाया जाना अनिवार्य होगा व इस संबंध में समस्त देय स्टाम्प शुल्क रजिस्ट्रीकरण के प्रभार इत्यादि पट्टाधारी द्वारा वहन किये जायेगे।

16. आवंटित दुकानो में किसी भी प्रकार का हानीकारण सामान तथा बदबू पैदा करने वाला याद ज्वलनशील पदार्थ का व्यापार नही करेंगे।

17. आवंटित दुकानों मे किसी भी प्रकार की टूट-फूट एवं परिवर्तन या निर्माण बिना समक्ष स्वीकृति के नही किया जावेगा ।

18. दुकानों पर स्थानीय निकायो द्वारा आरोपित समस्त कर उपकर प्रभार आदि का भुगतान स्वयं किया जावेगा।

19. दुकानो का अनुबंध प्रति 35 माह बाद नवीनीकृत कराना आवश्यक होगा व प्रति 3 वर्ष पश्चात किराये में 15 प्रतिशत की वृद्धि की जावेगी ।

20. दुकान की छत का उपयोग करने का कोई अधिकार नही होगा। कार्यालय द्वारा छत के उपर अतिरिक्त निर्माण कराया जायेगा। छत पर अतिरिक्त निर्माण कार्य स्थिति में सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुये कार्यालय द्वारा किरायेदार से दुकान खाली करायी जायेगी।

21. प्रति दुकान की अमानत राशि पृथक-पृथक धरोहर राशि जमा करना अनिवार्य है।

22. किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायालयीन क्षेत्र नगर परिषद आंतरी रहेगा।

(सुनीता सुनील शर्मा)
अध्यक्ष
नगर परिषद आंतरी
जिला ग्वालियर (म.प्र.)

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर परिषद आंतरी
जिला ग्वालियर (म.प्र.)

# भाजपा की बूथ सशक्तिकरण कार्यशाला देवभोग में हुई संपन्न, बूथ स्तर पर पार्टी को सशक्त करने रणनीति बनी

**संवाददाता हेमचंद नागेश**

**गोहरापदर।** भारतीय जनता पार्टी बिंद्रानवागढ़ विधानसभा बूथ सशक्तिकरण एकदिवसीय कार्यशाला सोमवार को देवभोग के मंडी प्रांगण में संपन्न हुई.जिसमें आगामी 17 मार्च से 27 मार्च तक बूथ सशक्तिकरण कार्यक्रम का प्रशिक्षण सभी भाजपा कार्यकर्ताओं को भाजपा के दिग्गज नेता अशोक बजाज ने दिया एवं उन्होंने महामहिम राष्ट्र पति के अभिभाषण को इन कार्यक्रमों के शुभारंभ में ही ग्रामीणों के मध्य पहुँचाने के साथ प्रदेश संगठन द्वारा प्राप्त दिशा निर्देशों को साझा किया। जिसमें प्रशिक्षण देने पहुँचे सहकारिता प्रकोष्ठ के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष, अपेक्स बैंक के पूर्व अध्यक्ष,पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक बजाज ने कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि बूथ सशक्तिकरण अभियान पार्टी को निचले स्तर पर और अधिक मज़बूत करने का कार्यक्रम हैं, बीते दिनों बूथ पर हुए कार्यक्रमों से कार्यकर्ता काफ़ी ऊर्जा में हैं इस उत्साह को बरकरार रखने हर वक्त बूथ स्तर पर संगठन कार्य संचालित किए जा रहे हैं।इस कार्यक्रम में प्रत्येक दिन अपने शक्तिकेंद्र के विभिन्न बूथों में जाकर जनता और कार्यकर्ताओं से रूबरू होना हैं।पूर्ण निष्ठा के साथ सभी कार्यक्रमों को संपन्न कराने एवं जनता की समस्याओं को उठाने की आप सभी कार्यकर्ताओं से अपेक्षा रखता हूँ।क्योंकि जनता त्रस्त है और सरकार बदलने का मन बना चुकी है इस वजह से सभी भाजपा कार्यकर्ताओं को शक्ति केंद्रों में जाकर गतिविधि बढ़ाने की आवश्यकता हैं।



कार्यक्रम में पूर्व संसदीय सचिव गोवर्धन सिंह मांझी,जिलाध्यक्ष राजेश साहू,ज़िला महामंत्री किसान मोर्चा प्रदेशकार्यसमिति सदस्य बोधनराम नायक,अजजा मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य हलमन ध्रुवा, कुंजबिहारी बेहरा, खीरलाल नागेश, योगेश शर्मा, भाजयुमो ज़िलाध्यक्ष योगीराज माखन कश्यप, अजा मोर्चा जिलाध्यक्ष चंद्रशेखर सोनवानी,पिछड़ा वर्ग मोर्चा ज़िलाध्यक्ष देशबंधु नायक, सुधीर पटेल, जनपद अध्यक्ष नेहा सिंघल, अहिल्याबाई माँझी, योग्निता माँझी, गोहरापदर मंडल अध्यक्ष गुरुनारायण तिवारी, लुद्रास साहू, सीताराम यादव, दुलार सिन्हा, शोभाचंद्र पात्र, अनिल बेहरा, सनत माँझी, संजय दुबे, जयराम साहू, मंडल महामंत्री तानसिंह माँझी, मोहित यादव, अरविंद सोम, गणेश यादव, इंद्रमणि यादव, महेंद्र निधि, जितेंद्र माँझी, शोभितराम ध्रुवा आनंद यादव, रघुनाथ यादव, कैलाश मरकाम, चंपालाल ध्रुव, तरण सिंह ध्रुवा, पदुलोचन मरकाम, महेश कश्यप, पेकूराम नायक, बेनुराम नागेश, वेदप्रकाश सोनवानी, दीपक सागर, हेमराज माँझी, दीपक मिश्रा, यशवंत ध्रुवा सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहें।



# कुमावत समाज की 8 संस्थाओं की महिलाओं का किया बहुमान

**पुष्पाजंली टुडे**
**नारायणलाल सेंणचा**

बेंगलुर। मयनसन्द्रा राधेकष्णा रोड़ स्थित श्री राधा कष्णा एवं आशापुरा माताजी शिखरबद्ध मंदिर की भव्य प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव एंव श्री कुमावत भवन का उद्घाटन का महोत्सव में कुमावत समाज मयलसन्द्ररा बेंगलुरू दक्षिण के सभी महिलाओं एंव महिलाओं के ग्रूप लीडर ने अपने -अपने ग्रूप से सांस्कृतिक कार्यक्रम में बढ़ चढ़कर भाग लिया ।एंव बालिकाओं ने भी अपना -अपना सांस्कृतिक कार्यक्रम में भाग लिया। इस महोत्सव में महिला मंडल की अध्यक्ष श्रीमती निर्मला देवी के अध्यक्षता में यह कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। संस्था के महिला मंडल की अध्यक्ष निर्मला देवी ने बताया की सभी महिलाएं एक जुट होकर सभी महिलाएं इस कुमावत समाज मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा एवं भवन उद्घघाटन का कार्य को सिद्ध किया ।और बेंगलुरू के सभी कुमावत की 8 संस्थाओं की महिलाओं ने समाज में अपनी -अपनी सेवाएं दी गई। महोत्सव के तहत श्री विनायकजी थाली कार्यक्रम किया गया।इस कार्यक्रम का शुभारंभ मंदिर एंव समाज भवन में दीप प्रज्वलित के बाद रात्रि जागरण का आयोजन हुआ। सभी महिलाओं ने जागरण में अपना अपना श्रद्धा पूर्वक नृत्य द्वारा प्रस्तुति दी ।इस अवसर पर महिला मंडल की महिलाओं का स्वागत किया गया ।इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथी के रूप में स्वामी पुखराज महाराज ने सभी को समाज के प्रति जागृत किया। और सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया ।स्वामी ने कहा कि शिक्षा के साथ साथ समाज के संस्कारों को नही भुलना चाहिए। समाज की युवा पीढ़ी को परंपराओं के साथ चलना चाहिए।

# ग्राम पंचायत फरसरा में भ्रष्ट्राचार का आरोप, कश्यप ने सौंपा ज्ञापन

**संवाददाता हेमचंद नागेश**

**मैनपुर/गरियाबंद।** युवा संघर्ष मोर्चा गरियाबंद के जिलाध्यक्ष



युमेन्द्र कश्यप ने जनपद पंचायत मैनपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत फरसरा में भ्रष्टचार जा आरोप लगाते हए अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) मैनपुर व मुख्यकार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत मैनपुर को लिखित में आवेदन दिया है। श्री कश्यप सप्ताह भर पहले ग्राम पंचायत सराईपानी में सरपंच सचिव के ऊपर अनिमियता का आरोप लगाकर शिकायत दर्ज करा चुके हैं, अब ग्राम पंचायत फरसरा में सरपंच सचिव के ऊपर भ्रष्टचार का आरोप लगाकर लिखित में शिकायत किए हैं। श्री कश्यप ने आवेदन में लिखा कि जून माह 2022 माह फ़रवरी 2023 तक 15 वें वित्त, 14 वें वित्त, सामग्री कार्य की राशि भुगतान और राशि भुगतान के नाम पर लगभग 15 लाख रुपए पंचायत के खाता और दुकानदारों के खातों में हस्तांतरण कर आहरण किया गया है। उक्त राशि के आहरण अनुसार पिछले एक वर्ष से ग्राम पंचायत फरसरा में आहरण राशि के हिसाब से कार्य नहीं कराया गया। जिससे यह प्रतीत होता है कि ग्राम पंचायत फरसरा के द्वारा सरकार द्वारा ग्रामीण विकास कार्य के लिए स्वीकृत राशि को भ्रष्टचार किया गया है। श्री कश्यप ने कहा कि मेरे द्वारा मुख्यालय मैनपुर पहुँचकर अनुविभागीय अधिकारी, मुख्यकार्यपालन अधिकारी को ज्ञापन सौंपाकर इनकी उचित जाँच कर भ्रष्टचारियों पर उचित कार्यवाही करने की मांग की गयी है।

# ग्राम अमखिरिया के बहादुर सिंह लोधी ने प्राकतिक हरबल गुलाल तैयार किया

## जबलपुर में भी गुलाल बेचा, अब वहां से आ रही हैं डिमांड

ग्राम अमखिरिया के बहादुर सिंह लोधी ने प्राकतिक हरबल गुलाल



तैयार किये हुये हैं। उन्होंने बताया इसके लिए कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिकों का पूरा सहयोग मिला हैं। वे कहते हैं उन्होंने पालक, चुकन्दर, पालश, बेला फूल, गेंदा के अलग-अलग बैरायटी और सफेद बेला की प्राकतिक हरबल गुलाल तैयार की है। किसान बहादुर कहते हैं इसी वर्ष वैज्ञानिकों की सलाह पर कार्य किया हैं जिससे उन्होंने लगभग 06-07 हजार रूपये की गुलाल बेंच ली हैं। वे कहते हैं कि वे जबलपुर गये थे, वहां पर भी 06 हजार रूपये की गुलाल बिक गई थी और वहां से अभी डिमांड आ रही है। साथ ही कृषि विज्ञान केन्द्र में भी 2000 रूपये की गुलाल बिकी हुई हैं।

# विकलांग वृद्ध हुसैन ने कुएं में कूदकर दी जान

दमोह। दमोह जिले के देहात थाना क्षेत्र अंतर्गत जबलपुर नाका चौकी के समीप कोटा तला निवासी हुसैन पिता जुम्मन खान उम्र 65 वर्ष ने कुएं में कूंदकर आत्महत्या कर ली. घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर चौकी जबलपुर नाका से प्रभारी रामअवतार पांडे सहित पुलिस पहुंची, बताया गया है कि विगत तीन-चार दिन से हुसैन कह रहा था कि मुझे अब नहीं जीना है. दरअसल मृतक हुसैन ट्रेन दुर्घटना में पांव कट जाने से दुखी था इसी कारण से हुसैन ने कुएं में कूदकर आत्महत्या कर ली. घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने कार्रवाई शुरू कर दी.



# कलेक्टर ने हाईस्कूल की चल रही परीक्षाओं का किया निरीक्षण

## हाईस्कूल के सामाजिक विज्ञान विषय की परीक्षा में कुल 22128 छात्र-छात्राओं में से 21162 उपस्थित रहे, 966 रहे अनुपस्थित

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

भिण्ड । माध्यमिक शिक्षा मण्डल मध्यप्रदेश की हाईस्कूल बोर्ड परीक्षा अंतर्गत कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस ने सामाजिक विज्ञान विषय के प्रश्न पत्र की चल रही परीक्षा में शा.डाइट भिण्ड, मां गायत्री डीएड कॉलेज हेवतपुरा रोड़, अशासकीय एल.बी.एस. डीएड कॉलेज मुरलीपुरा परीक्षा केन्द्र का औचक निरीक्षण किया। कलेक्टर ने परीक्षा केन्द्र का भ्रमण कर नकल रहित भयमुक्त परीक्षा को संपन्न कराने हेतु व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान सभी केन्द्रों पर परीक्षा की व्यवस्थायें चाक-चौबंद मिलीं। परीक्षार्थियों द्वारा शांतिपूर्वक परीक्षा दी गई। कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस ने परीक्षा केन्द्राध्यक्षों को निर्देशित किया कि यह सुनिश्चित किया जावे कि परीक्षा संबंधी सभी व्यवस्था ठीक होना चाहिये। उन्होंने परीक्षा केन्द्राध्यक्षों से परीक्षा से संबंधित विभिन्न व्यवस्थाओं की जानकारी ली। उन्होंने परीक्षा केन्द्रों में ड्यूटी के लिए नियुक्त शासकीय सेवकों की उपस्थिति एवं अनुपस्थित परीक्षार्थियों की संख्या,परीक्षा केन्द्र में शामिल विभिन्न स्कूल सहित अन्य व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी ली।

# महिलाएं निर्भर नहीं आत्मनिर्भर बनें: सीमा जाट

दमोह ..अंतरराष्टीय महिला दिवस की पूर्व संध्या पर ऐश्वर्या महिला शक्ति समिति के तत्वावधान में ग्राम ग्वारी में कार्यक्रम आयोजित किया गया ।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक सुशील नामदेव ,अध्यक्ष गांव की सरपंच कुसुम रानी पटेल, विशिष्ट अतिथि सुधा कनोजे रही। कार्यक्रम की शुरुआत कार्यक्रम की संयोजिका ऐश्वर्या महिला शक्ति समिति की अध्यक्ष श्रीमती सीमा जाट ने बताया कि संयुक्त राष्ट अमेरिका में उन्नीस सौ आठ में 15000 महिलाएं अपने अधिकारों के लिए सड़क पर उतरी थी और पूरे विश्व की महिलाओं ने उनकी बातों का समर्थन किया गया तभी से 1910 से पूरे विश्व में अंतर्राष्टीय महिला दिवस मनाया जाने लगा। महिलाएं आज जागरूक हो चुकी हैं वह आज निर्भर नहीं है बल्कि आत्मनिर्भर बनने की दिशा की ओर अग्रसर हो रही है सुशील नामदेव ने कहा कि महिला और पुरुष में भेद हमारा समाज करता है संविधान में ऐसा कोई प्रावधान नहीं है जिसमें एक जैसा काम करने के लिए महिला को कम और पुरुष को अधिक पैसा दिया जाए। परिवार को और समाज को आगे बढ़ाने के



लिए जरूरी है कि महिला और पुरुष बराबरी से कार्य करें और समाज को एक नई दिशा प्रदान करें विशिष्ट अतिथि सुधा कनौजे ने कहा कि महिलाएं चाहे वह ग्रहणी हो या बाहर काम करने वाली हो या मजदूरी करने वाली हूं वह सभी सशक्त हैं क्योंकि वह अपने बच्चों को अपनी बेटियों को पढ़ा लिखा कर आगे बढ़ाना चाहती हैं इसलिए कहीं से भी वह अबला नहीं है। जरूरत है कि अपनी शक्ति को पहचानने और अपने परिवार को अपनी बेटियों को आगे बढ़ाएं ।महिला बाल विकास की ओर से नीति रजक ने लाडली बहना योजना के बारे में विस्तार से जानकारी दी सरपंच प्रतिनिधि गोविंद पटेल ने कहा कि आप सभी ने हमारे गांव में महिलाओं को बहुत अच्छी अच्छी जानकारियां दी और शीघ्र ही जैसे ही पंजीयन शुरू होंगे गांव में मुनादी करवा दी जाएगी और सभी पात्र बहनों के लाडली बहना योजना के फार्म भरवा दिए जाएंगे जिससे उन्हें आर्थिक रूप से लाभ मिल सके। क्योंकि अभी गांव ग्रामीण स्तर पर महिलाएं शारीरिक रूप से कमजोर हैं जिससे मुख्यमंत्री जी ने अपनी बहनों को सशक्त बनाने के उद्देश्य से यह लाभकारी योजना का शुभारंभ किया है और सभी बहनों को इसका लाभ मिले अंत में कार्यक्रम का आभार प्रस्फुटन समिति के अध्यक्ष रतन सिंह ने माना कार्यक्रम में कल्पना मिश्रा रणवीर सिंह कौशल्या रजक तथा बड़ी संख्या में गांव की महिलाओं की उपस्थिति रही।

# शिवाजी पब्लिक स्कूल संचालक ने बच्चों को वितरित की पिचकारी मिठाई और गुलाल



**पुष्पांजली टूडे संवाददाता मालनपुर**

**भिंड।** ग्वालियर रोड स्थित शिवाजी पब्लिक स्कूल में होली मिलन समारोह धूमधाम से मनाया गया स्कूल संचालक दिनेश सिंह परिहार उर्फ बंटू ने आज बच्चों को होली मनाने के लिए मिठाई गुलाल और पिचकारी वितरित की एवं बच्चों को समझाइश दी की होली का त्योहार रंगों का त्योहार है शांति एवं प्रेम से त्योहार मनाए आप सभी के आगे आने जीवन में भविष्य के



लिए मैं हार्दिक शुभकामनाएं करता हूं ऐसे ही दिवाली के शुभ अवसर पर परिहार ने बच्चों को फटाके मिठाई वितरित की थी जिससे बच्चों के चेहरे खिल उठे थे आज भी ऐसा ही नजारा देखने को मिला स्कूल संचालक कुछ अलग हटके करना चाहते हैं कुछ दिन पहले स्कूल के समस्त बच्चों को सोनिया जैन मन्दिर पिकनिक मनाने के लिए ले गए एवं प्रतिदिन जिस बच्चे का जन्मदिन होता है उस बच्चे को होटल में पार्टी फ्री दी जाती है एवं प्रत्येक महीने 1 लकी ड्रा कूपन निकाला जाता है जिसमें इस के नाम से लकी ड्रा निकलता है उसके माता-पिता को होटल पर शानदार पार्टी दी जाती है हिन्दू संस्कृति जीवंत कर रखा है।

# अपने अवगुणों का दहन करना ही होलिका दहन है





**खरगोन।** भक्त प्रह्लाद ने भगवान की इतनी भक्ति की थी की उसके पिता ने उसे पहाड़ से नीचे गिराया हाथियों से कुचलवाया, होलिका दहन में जलाना चाहा, आग के गर्म खंभे से आलिंगन करवाने की कोशिश की लेकिन उसी खंबे से भगवान प्रकट हो गए और प्रल्हाद को बचा लिया,जाको राखे साइयां मार सके ना कोई,बाल ना बाका कर सके जो जग बैरी होय। अपने अवगुणों पर विजय प्राप्त करना ही असली होलिका दहन है। सत्य के रंग में रंगना ही होली पर्व है उक्त कथन संत महात्मा धारा बाइजी ने कलेक्टर भवन के निकट मानव उत्थान सेवा समिति आश्रम खरगोन में कहे। आश्रम मे होली पर्व मना रहे थे पर्वचनो के बाद गुलाल से होली खेली गई और भंडारा भी कराया गया। कार्यक्रम मे खंडवा बड़वानी धार बुरहानपुर खरगोन के भक्त समाज भी आए हुवे थे।

## विदेश नीतिः दोनों से दोस्ती

डॉ. वेदप्रताप वैदिक

जी-20 और क्वाड के सम्मेलन भारत में संपन्न हुए। इनसे हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भारत की छवि तो खूब चमकी और भारत के कई राष्ट्रों के साथ आपसी संबंध भी बेहतर हुए लेकिन जी-20 ने कोई खास फैसले किए हों, ऐसा नहीं लगता। वह रूस-यूक्रेन युद्ध रूकवाने में सफल नहीं हो सका। आतंकवाद और सरकारी भ्रष्टाचार को रोकने पर दो अलग-अलग बैठकों में विस्तार से चर्चा हुई लेकिन उसका नतीजा क्या निकला? शायद कुछ नहीं। सभी देशों के वित्तमंत्रियों और विदेश मंत्रियों ने दोनों मुद्दों पर जमकर भाषण झाड़े लेकिन उन्होंने क्या कोई ऐसी ठोस पहल की, जिससे आतंकवाद और भ्रष्टाचार खत्म हो सके या उन पर कुछ काबू पाया जा सके? इन दोनों मुद्दों पर रटी-रटाई इबारत फिर से पढ़ दी गई। क्या दुनिया के किसी देश में ऐसी सरकार हैं, जिसके नेता ये दावा कर सकें कि वे सत्ता में आने और बने रहने के लिए साम, दाम, दंड, भेद का सहारा नहीं लेते? तानाशाही और फौजी सरकारें इस मामले में निरंकुश तो होती ही हैं, लोकतांत्रिक सरकारें भी कम नहीं होतीं। चुनाव लोकतंत्र की श्वास नली है। इस श्वास नली को चालू रखने के लिए असीम धनराशि की जरूरत होती है। वह भ्रष्टाचार के बिना कैसे इकट्ठा की जा सकती है? दुनिया के दर्जनों राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री आखिर जेल में बंद क्यों किए जाते हैं? वे बेईमानी करते हैं तो उनके इस अभियान में उनके नौकरशाह और पूंजीपति उनका पूरा साथ देते हैं। इस जी-20 सम्मेलन में इस तरह की बेइमानियों से बचने के अचूक उपायों पर क्या कोई ठोस सुझाव सामने आए? इसी तरह आतंकवाद के खिलाफ जिन राष्ट्रों ने आग उगली, वे खुद ही आतंकवाद के संरक्षक रहे हैं। अपने राष्ट्रहितों की रक्षा के लिए वे आतंकवाद क्या, किसी भी बुरे से बुरे हथकंडे का इस्तेमाल कर सकते हैं। जी-20 और चौगुटे (अमेरिका, भारत, जापान, आस्ट्रेलिया) के सम्मेलनों में यूक्रेन का मसला सबसे महत्वपूर्ण बना रहा। रूसी और अमेरिकी विदेश मंत्री दिल्ली में मिले लेकिन वे कोई हल की तरफ नहीं बढ़ सके। इस मामले में भारत की नीति काफी लचीली और व्यावहारिक रही। उसने रूस के साथ भी मधुर संबंध बनाए रखने की पूरी कोशिश की और अमेरिका के साथ भी। नेहरू की गुट निरपेक्षता के मुकाबले वर्तमान भारत की नीति गुट-सापेक्षता की हो गई है। वह दोनों तरफ हाँ में हाँ मिलाता है। रामाय स्वास्ति और रावणाय स्वास्ति भी! राम और रावण दोनों की जय! चीन के साथ भी दोस्ती और दुश्मनी, दोनों तरह के तेवर बनाए रखने की उस्तादी भी आजकल भारत जमकर दिखा रहा है।

## अन्धविश्वास यानी अशिक्षित एवं मूढ़ समाज की निशानी

तनवीर जाफ़री

भारतवर्ष को दुनिया एक अध्यात्मवादी देश के रूप में भी जानती है। निःसंदेह संतों-पीरों-फ़क़ीरों और अनेकानेक अध्यात्मवादी महापुरुषों की इस पावन धरा पर चारों ओर आस्था और विश्वास का समुद्र हिलोरें मारता रहता है। परन्तु यही आस्था और विश्वास जब तक संयमित रहता है,इसके परिणाम सुखद,संतोषजनक व सौहार्दपूर्ण रहते हैं तभी तक इन्हें आस्था और विश्वास के रूप में देखा जा सकता है परन्तु जब इसी आस्था और विश्वास के नाम पर हिंसा,क्रूरता,पशुता,राक्षसी प्रवृति,झूठा भय यहाँ तक कि हत्या और मानव बलि तक की बातें होने लग जायें तो इसे अंधआस्था और अंधविश्वास के सिवा और क्या कहा जाये। परन्तु यह हमारे देश का एक कटु सत्य है कि संसार के इतने आधुनिक,वैज्ञानिक एवं तर्कशील हो जाने के बावजूद हमारे देश का एक बड़ा वर्ग अभी भी तांत्रिकों,ज्योतिषियों,काला जादू,बंगाली जादू,इंद्र जाल,सिफ़ली,दुआ ताबीज़,कण्डा-चिल्ला जैसे अनेक व्यसनों में उलझा हुआ है। आये दिन देश के किसी न किसी राज्य से अंधास्था व अंधविश्वास से जुड़ी दिल दहलाने वाली ख़बरें आती रहती हैं। कोई अपने ही बच्चे की बलि चढ़ाकर भगवान को ख़ुश कर रहा है तो किसी को अपनी ख़ुशहाली की ख़ातिर या अपनी कोई मुराद पूरी करने के लिये अपने पड़ोसी या रिश्तेदार के बच्चे की बलि चाहिये। कितना आश्चर्य है कि हमारे देश में क्या पढ़ा लिखा तो क्या अनपढ़ सभी के वाहनों के पहियों में उस समय ब्रेक लग जाता है जब कोई बिल्ली सामने से गुज़र जाती है। यह सभी सदियों पुराने उस सुने सुनाये अंधविश्वास के वाहक हैं जिसमें न जाने किसने और कब यह बताया होगा कि बिल्ली का रास्ता काटना अशुभ होता है। गत मात्र एक दशक से भी कम समय से न जाने किसके कहने व बताने पर या फिर एक दूसरे को देखकर तमाम युवतियां यहाँ तक कि अधेड़ महिलायें अपने पैरों में काला धागा बाँधने लगी हैं। इनमें अनपढ़ ही नहीं बल्कि स्वयं को शिक्षित बताने वाली युवतियां भी शामिल हैं। उम्मीद थी कि शायद कुछ दिनों बाद फ़ैशन का रूप धारण कर चुके इस नये नवेले अंधविश्वास से देश को मुक्ति मिल जायेगी। परन्तु अफ़सोस तो यह कि इस काले धागे को अब लड़कियों की ही तरह लड़कों ने भी अपनी टाँगों में बांधना शुरू कर दिया है।

छत्तीसगढ़ के धमतरी ज़िले से पिछले दिनों अंधविश्वास से जुड़ी एक ऐसी अपराधपूर्ण ख़बर सामने आयी जिसे सुनकर रूह कांप गयी। प्राप्त समाचारों के अनुसार 25 वर्षीय रौनक सिंह छाबड़ा नामक एक युवक ने अपने 50 वर्षीय गुरु, बसंत साहू की पहले हत्या की और हत्या के बाद वह बड़ी निर्दयता से अपने गुरु का खून भी पी गया। बाद में उसने गुरु बसंत साहू के शव को सन्नाटी जगह में ले जाकर जलाने की कोशिश की। पुलिस ने बसंत साहू की अधजली लाश बरामद करने के बाद जब तफ़्तीश के दौरान उस के शिष्य रौनक सिंह छाबड़ा से पूछताछ की तो उसी ने यह रहस्य खोला कि वह अपने गुरु से काला जादू की विद्या हासिल करना चाहता था। उसकी सोच थी कि गुरु की हत्या के बाद वह जल्द ही काला जादू सीख जायेगा इसीलिये प्रयोग के रूप में उसने इस वीभत्स काण्ड को अंजाम दिया। यहाँ यह भी उल्लेखनीय है कि जादू टोने के लिये काला जादू सीखने के नाम पर एक चेले द्वारा अपने गुरु की हत्या उस छत्तीसगढ़ राज्य में की गयी जहां पहले से ही छत्तीसगढ़ टोना प्रताड़ना निवारण



अधिनियम 2005 मौजूद है जिसके अन्तर्गत ऐसी अंधविश्वास पूर्ण गतिविधियों को दंडनीय अपराध की श्रेणी में रखा गया है।

छत्तीसगढ़,मध्य प्रदेश, बिहार, बंगाल, झारखण्ड, उड़ीसा व उत्तरप्रदेश जैसे राज्यों से तो अक्सर ही कभी किसी की चुड़ैल के नाम पर हत्या कर दी जाती है तो किसी को रस्सी या लोहे की ज़ंजीरों से पेड़ों या खम्बों में बांधकर रखा जाता है। उसे भूखा प्यासा रखा जाता है और शारीरिक व मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जाता है। अंधआस्था और अंधविश्वास से जकड़े इसी मूढ़ समाज को लक्ष्य बनाकर पूरे देश में विभिन्न सार्वजनक स्थलों,दीवारों,बस व ट्रेन स्टॉप आदि पर यहाँ तक कि बसों व ट्रेनों के भीतर भी झाड़ फूक जादू टोना,इंद्र जाल, वशीकरण के तरीक़े आदि बताने वाले तमाम बकवास,झूठे व गुमराह करने वाले पोस्टर व हैंड बिल चिपके होते हैं। इन पोस्टर्स में जो दावे किये जाते हैं उन्हें पढ़कर ही हंसी आती है। परन्तु अफ़सोस कि हमारा सीधा सादा परन्तु अंधआस्था और अंधविश्वास का शिकार कोई भी व्यक्ति इन झूठे विज्ञापनों के झांसे में आ जाता है और इन विज्ञापनों में दिये गये नंबरों पर स्वयं फ़ोन कर अपने नुक़सान,गुमराही यहाँ तक कि किसी बड़े से बड़े कुचक्र तक में उलझने के रास्ते स्वयं अख़्तियार कर लेता है। आज पूरे देश में लाखों ठग ऐसे ही शरीफ़ परन्तु अंधआस्था और अंधविश्वास के शिकार लोगों की जेबें काट कर अपना पालन पोषण कर रहे हैं। जिन्हें स्वयं अपने भविष्य का ज्ञान नहीं वे दूसरों का भविष्य बताते फिरते हैं। जो स्वयं अनेक पारिवारिक उलझनों व परेशानियों का शिकार हैं वे दूसरों के घरों में सुख शांति लाने का उपाय बताते फिर रहे हैं। पेट पालने के लिये जिन्हें स्वयं झूठ व पाखंड का सहारा लेना पड़ता है वे दूसरों को रोज़गार व नौकरी के उपाय बताते रहते हैं। इससे बड़ी हास्यास्पद बात और क्या हो सकती है।

परीक्षा के समय तमाम स्कूल कॉलेज के बच्चे मस्जिद-मंदिर-मज़ार-दरगाह-पीपल-बरगद आदि पर जाकर कहीं प्रशाद चढ़ाते हैं तो कहीं जल तो कहीं धागा लपेटते हैं। कहीं कहीं तो अपनी मांग किसी पर्ची में लिखकर चढ़ा देते हैं। ज़रा सोचिये कि यदि इन सब टोटकों से लोग परीक्षा पास करने लगें तो पढ़ाई के लिये परिश्रम करने की ज़रुरत ही क्या ? हाँ इन सब चक्करों में पड़ने से परीक्षार्थी का क़ीमती समय ज़रूर बर्बाद होता है। आज हमारे देश में जय जवान जय किसान के साथ साथ जय विज्ञान और जय अनुसन्धान जैसे नारे भी जोड़ तो ज़रूर दिये गए हैं परन्तु इन पर देश अमल करे इसके पहले देश के लोगों में अंधआस्था और अंधविश्वास के विरुद्ध चेतना जगाना भी ज़रूरी है। जब हमारे राजनेता स्वयं ही अंधआस्था और अंधविश्वास को बढ़ावा देंगे,जब वे स्वयं नींबू-मिर्च लटकाकर चश्म-ए-बद दूर करेंगे तो इस समाज को अँधेरे कुँए में गिरने से भला कौन बचा सकता है। सच तो यह है कि अन्धविश्वास ही अशिक्षित एवं मूढ़ समाज की सबसे बड़ी निशानी है।

### जीवन और मृत्यु

चीन में लाओत्से के समय में ऐसी प्रचलित धारण थी कि आदमी के शरीर में नौ छेद होते हैं। उन्हीं नौ छेदों से जीवन प्रवेश करता है और उन्हीं से बाहर निकलता है। दो आंखें, दो नाक के छेद, मुंह, दो कान, जननेंद्रिय, गुदा। इसके साथ चार अंग हैं- दो हाथ और दो पैर। सब मिला कर तेरह। यही तेरह अंग जीवन के साथी हैं और मृत्यु के भी साथी हैं। यही तेरह जीवन में लाते हैं और यही जीवन से बाहर ले जाते हैं। तेरह का मतलब यह पूरा शरीर। इन्हीं से तुम भोजन करते हो; इन्हीं से जीवन पाते हो; इन्हीं से उठते-बैठते और चलते हो। यही तुम्हारे स्वास्थ्य का आधार हैं और यही मृत्यु का भी आधार होंगे। क्योंकि जीवन और मृत्यु एक ही चीज के दो नाम हैं। इन्हीं से जीवन तुम्हारे नाम आएगा, इन्हीं से बाहर जाएगा। इन्हीं से शरीर के भीतर खड़े हो। इन्हीं के साथ शरीर टूटेगा, इनके द्वारा ही टूटेगा। हैरानी की बात है। यही तुम्हें संभालते हैं और यही मिटाएंगें। भोजन तुम्हें जीवन देता है, शक्ति देता है और भोजन की शक्ति से अपने भीतर की मृत्यु को बड़ा किये चले जाते हो। भोजन तुम्हें बुढ़ापे तक पहुंचा देगा, मृत्यु तक पहुंचा देगा। आंख, नाक, कान से जीवन की श्वास भीतर आती है। उन्हीं से बाहर जाती है। नौ द्वार और चार अंग। लाओत्से कहता है- तेरह ही जीवन के साथी, तेरह ही मौत के साथी। ये तेरह ही ले जाते हैं।



## जिले की सभी शासकीय उचित मूल्य दुकानों पर अन्न उत्सव 9, 10 एवं 11 मार्च को

राकेश परिहार रिपोर्टर पिछोर

**शिवपुरी।** जिले में शासन-निर्देशानुसार माह मार्च 2023 में भी सभी शासकीय उचित मूल्य दुकानों पर 9, 10 एवं 11 मार्च को अन्न उत्सव का आयोजन जनप्रतिनिधियों, नोडल अधिकारियों तथा सतर्कता समिति के सदस्यों, वार्ड प्रभारियों के समक्ष किया जाएगा। साथ ही अन्न उत्सव के दिनो में हितग्राहियों के मोबाइल सीडिंग तथा ई केवाईसी का कार्य भी विक्रेताओं द्वारा किया जाएगा। जिला आपूर्ति अधिकारी ने बताया कि जिन हितग्राहियों के मोबाइल सीडिंग नहीं हुए हैं, वह अपने परिवार के एक सदस्य का मोबाइल सीडिंग खाद्यान्न प्राप्त करने से पहले कराये, जिससे हितग्राहियों को प्रदाय किये गये खाद्यान्न की जानकारी एसएमएस के माध्यम से प्राप्त हो सके। सभी विक्रेता अपने जनप्रतिनिधियों, नोडल अधिकारियों तथा सतर्कता समिति के सदस्यों एवं वार्ड प्रभारियों को पूर्व में ही सूचित करें। सभी नोडल अधिकारियों तथा सतर्कता समिति के सदस्यों एवं वार्ड प्रभारियों की उपस्थिति अन्न उत्सव के दिनों में अनिवार्य है।

## अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस महिलाओं के लिए एक सम्मान दिवस

केशब पंडित जी पत्रकार

अम्बाह। अम्बाह पीजी कॉलेज अंबाह की रासेयो इकाइयों द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस



महाविद्यालय की महिला प्राध्यापकों का सम्मान कर मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती पूजन से हुआ इसके पश्चात कार्यक्रम अधिकारी डॉ. रक्षा कम्ठान तथा डॉ. पूर्णिमा अग्रवाल द्वारा सभी महिला प्राध्यापकों का माल्यार्पण कर स्वागत किया। कार्यक्रम में डॉ. मंजू तोमर ने अपने उद्बोधन में कहा महिला दिवस मनाने का उद्देश्य महिलाओं को उनकी क्षमता प्रदान किया जाना है क्योंकि मानसिकता कहें या जड़ता, कहीं न कहीं पुरुष महिलाओं को अपने से कम समझते हैं। इस मानसिकता में परिवर्तन करना होगा और यह परिवर्तन महिलाओं को बेहतर अवसर देकर ही किया जा सकता है। डॉ अभिलाषा श्रीवास्तव ने अपने विचारों को कविता के माध्यम से कहा स्त्रियों को भी अपनी सोच बदलनी होगी । आरती गुर्जर ने भी कविता के माध्यम से महिला सशक्तिकरण पर अपने विचार रखें। कार्यक्रम में नीतू वर्मा, नीतासिंह भी उपस्थित रही। कार्यक्रम का संचालन डॉ. पूर्णिमा अग्रवाल तथा कार्यक्रम अधिकारी डॉ. रक्षा कम्ठान द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित सभी प्राध्यापिकाओं का आभार ज्ञापित किया।

## जहां नारी का सम्मान होता है वहां देवता निवास करते हैं: सप्तम जिला न्यायाधीश

अनिल कुशवाह प्रभारी
पुष्पांजलि टुडे

शिवपुरी-राष्टीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं मध्य प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के आदेशानुसार एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश दीपक गुप्ता के निर्देशन में एवं अर्चना सिंह जिला न्यायाधीश सचिव जिला विधिक



सेवा प्राधिकरण शिवपुरी के मार्गदर्शन में आज मंगलवार को ग्राम दर्रोनी में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अमित कुमार गुप्ता सप्तम जिला न्यायाधीश शिवपुरी ने की। इस अवसर पर न्यायाधीश अमित कुमार गुप्ता ने उपस्थित महिला एवं जनसामान्य को अंतर्राष्टीय महिला दिवस के उपलक्ष में आयोजित विधिक साक्षरता शिविर में जानकारी देते हुए बताया कि जहां नारी का सम्मान होता है वहां देवता निवास करते हैं एवं देश का विकास तभी संभव है जब हम महिलाओं को साथ लेकर चलें उनका सम्मान करें। इसके साथ ही उन्होंने महिलाओं के अधिकारों, घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण अधिनियम आदि के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि अगर किसी महिला के साथ कोई अपराध होता है या महिला को उसके पति द्वारा शारीरिक मानसिक आदि रूप से प्रताड़ित किया जाता है तो वह घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण अधिनियम के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कराने में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण का सहयोग प्राप्त कर सकती हैं। इसके साथ ही उन्होंने अनुसूचित जाति जनजाति के अधिकारों नशा पीड़ितों के लिए विधिक सेवा योजना आदि के बारे में जानकारी प्रदान की। इस अवसर पर ग्राम पंचायत दर्रोनी के सरपंच राम वकील परिहार पंचायत सचिव दामोदर गुप्ता, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सहित महिलाएं एवं ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

## कांग्रेस कमेटी अशोकनगर जिला अध्यक्ष श्री कृष्ण पाल यादव की अध्यक्षता में मुंगावली विधानसभा के मंडल सेक्टर व समस्त कांग्रेस कार्यकर्ता की बैठक का आयोजन किया गया



मुंगावली संवाददाता जितेंद्र राय

जिसमें आगामी कार्य योजना तैयार की गई जिसके तहत प्रत्येक बूथ पर कांग्रेश कर्ताओं को जोड़ने का कार्य किया जाएगा एवं यूथ जोड़ों बूथ जोड़ो कार्यक्रम की शुरुआत मुंगावली में की गई वही प्रदेश बूथ पर युवाओं को जोड़ने की मुहिम चलाई जाएगी इसी क्रम में प्रत्येक बूथ पर 5 महिलाओं को जोड़ने का कार्य भी किया जाएगा बैठक में मुंगावली के समस्त वरिष्ठ कांग्रेसी जन एवं युवा उपस्थित रहे तत्पश्चात कांग्रेश प्रदेश कमेटी के दिए गए निर्देश अनुसार मुंगावली शाखा एसबीआई के सामने सरकार की गलत नीतियों के और हिंडन वर्ग की हालिया रिपोर्ट में प्रधानमंत्री मोदी और भाजपा सरकार की अदानी के पक्ष में क्रॉनिक कैपिटेशन की नीति की पोल खोल दी जिससे गहरे आर्थिक संकट के समय महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे को को बेचा जा रहा है जिससे एसबीआई और एलआईसी जैसे सार्वजनिक संस्थानों को निवेश करने के लिए मजबूर कर रहे हैं और आमजन के करोड़ों की बचत को खतरे में डाल दिया है जबरन निवेश के विरोध में धरना प्रदर्शन किया गया जिसमें समस्त कांग्रेसी जन उपस्थित रहे।



# गौरव दिवस एवं सम्मान समारोह में भाजपा अपनी मर्यादा भूली

रीतेश अवस्थी, पुष्पांजली टुडे

**दमोह।** जिले के पटेरा क्षेत्र से एक बड़ी खबर सामने आयी हैं एक ओर जहाँ भारतीय जनता पार्टी मर्यादा करने कि बातें सभी को बताती हैं तो वही पटेरा नगर पंचायत में एक अनोखा गौरव दिवस मनाया गया जहाँ बार डांसरों से फिल्मी गानो पर जमकर डांस करवाया। मुख्यमंत्री के गौरव दिवस का किस तरह

## बार डांसरों ने फिल्मी गानों पर जमकर लगाये ठुमके

मजाक उड़ाया जा रहा हैं आप सभी देख सकते हैं सत्ता के नशे में चूर भाजपा किस तरह भीड़ इक्ठा करने के लिए बार डांसरों का सहारा लेने लगी।कार्यक्रम में बडे बडे नेताओं को आमंत्रित




किया गया जिसमे मंच पर भारत देश के प्रधानमंत्री, दमोह के सांसद एवं केंद्रीय राज्यमंत्री प्रहलाद सिंह पटेल, मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, हटा विधायक पी. एल. तंतुवाय का फोटो लगा कर फ्लेक्स से मंच को सजाया गया। 4 मार्च को हुये इस कार्यक्रम का एक वीडियो सोशल साइटों पर जम कर वायरल भी हो रहा हैं जिसमें डांसर फिल्मी गानों पर नाचती हुई दिखाई दे रही हैं ।नगर परिषद पटेरा ने अपनी विकास गाथाओ को जन जन तक पहुंचाने के लिए एक कार्यक्रम आयोजित किया था जिसमें राष्ट्रीय गीतों पर डांस होने थे लेकिन फिल्मी गानों पर जबलपुर से आर्केस्ट्रा पार्टी में आयी बार बालाओ ने जमकर ठुमके लगाये और वहां मौजूद लोगों ने डांस का खूब लुत्फ उठाया।

### इनका कहना हैं

विधायक से जब इस संबंध में पूछा गया कि आप गौरव दिवस के कार्यक्रम में पहुंचे थे तो उन्होंने कहा- हां मैं गया था। डांस देखने के बारे में पूछा तो उन्होंने कहा- मेरे रहने तक ऐसा कुछ नहीं हुआ था। बाद में डांस हुए होंगे। मैं सीएमओ से बात करता हूं। इस तरह की फूहड़ता नहीं होनी चाहिए थी।

**पी एल तंतुवाय विधायक हटा**

यह मध्यप्रदेश शासन का कार्यक्रम था, जिसमें क्षेत्र में विशेष कार्य करने वालों को सम्मानित किया जाना है। अब तो कार्यक्रम हो चुका है। उन्होंने बताया डांस करने वाली जबलपुर की ऑर्केस्ट्रा है, जिसे यहां पर बुलाया गया था। उन्हें कितना पैसा दिया गया, इस बारे में पता करना पड़ेगा।

**संतोष सैनी सी एम ओ नगर पंचायत पटेरा**

भारतीय जनता पार्टी की संस्कृति आप सभी देख सकते हैं इसके पहले रतलाम में एक ट्रॉफी का आयोजन हुआ उसमें कितना गंदा नाच मंच पर हुआ वह आप सभी के सामने हैं, भगवान की मूर्तियों के सामने इस तरह का गंदा नाच बड़े शर्म की बात है इसी प्रकार जब गौरव दिवस पटेरा में मनाया गया तो उसमें भारतीय जनता पार्टी की जो संस्कृति है ,जो निरंतर धर्म की बात करते हैं और धर्म के नाम पर जनता का मत ठग लेते हैं। गौरव दिवस जैसे कार्यक्रम में जहां पूर्व मंत्री विधायक मंच पर मौजूद थे और बार बालाओं का ऐसा डांस करवाया कि भारतीय जनता पार्टी की पूरी पोल सभी के सामने खुल गई और भारतीय जनता पार्टी के संस्कार सभी के सामने उजागर हो गए हैं।

**रतन चंद जैन जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष दमोह**

ये गौरव दिवस नहीं कलंक दिवस है और ऐसे भाजपा के लोग भारतीय संस्कृति पर काला धब्बा है ,भाजपा के नेताओ की इस प्रकार की कार्यशैली महिलाओं के प्रति कितनी गंदी है यह उनकी सोच बताती है मुझे लगता है ऐसे लोग जनप्रतिनिधि बनने लायक़ ही नहीं है।

**अभिषेक डिम्हा प्रदेश प्रतिनिधि कांग्रेस पार्टी**

# पोरसा पुलिस द्वारा बलात्कार करने वाले आरोपी को किया गिरफ्तार

केशब पंडित जी अम्बाह

**पोरसा।** पुलिस अधीक्षक मुरैना आशुतोष बागरी तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राय सिंह नरवरिया द्वारा हॉल ही में थाना पोरसा अंतर्गत दिनांक 02/03/23 को फरियादिया द्वारा थाने पर बलात्कार संबंधी रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी, जिस पर से अप0क0 90/23 धारा 376 ता0हि0 का पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया था, उक्त अपराध के आरोपी को




पडकने हेतु श्रीमान जी द्वारा निर्देश प्राप्त हुए थे। उक्त निर्देशों के पालन में एसडीओपी अंबाह श्री परिमाल सिंह मेहरा के नेतृत्व मे थाना प्रभारी पोरसा रामपाल सिंह जादौन को मुखबिर की सूचना पर से आज दिनांक 07/03/23 को आरोपी को गिरप्तार कर मेडिकल परीक्षण कराकर बंद हवालात किया गया जो माननीय 4 न्यायालय अंबाह पेश किया गया। उक्त सराहनीय कार्य में महत्वपूर्ण योगदान थाना पोरसा से थाना प्रभारी आरपीएस जादौन, उप निरी. रेनू जादौन उप निरी. शिवम सिंह चौहान, उप निरी. दुर्गेश सिंह, उप निरी. रविप्रताप सिंह, सउनि कमल सिंह दोहरे, प्र.आर.नीरज सिंह तोमर, आर0 1192 सर्वेश शाक्य. आर. 1142 कप्तान सिंह, आर. शिवम यादव, आर. बृजेश सेंगर, आर. सुभाष गुर्जर, आर. गोविंद भदौरिया, आर. नरेन्द्र सिंह की अहम भूमिका रही।

# अपर कलेक्टर ने जनसुनवाई में प्राप्त 25 आवेदनों पर दिए कार्यवाही के निर्देश



दैनिक पुष्पांजली टुडे

**भिण्ड ।** कलेक्ट्रेट में आयोजित शासन की महत्वाकांक्षी योजना जनसुनवाई में अपर कलेक्टर श्री जेपी सैयाम ने आवेदकों की समस्याओं, शिकायतों को सुना और उनका निराकरण किया। कुछ प्रकरणों में संबंधित जिला अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही एवं शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए। जनसुनवाई के दौरान अपर कलेक्टर के समक्ष 25 आवेदन आए जिन पर संबंधितों को भेजकर कार्यवाही के निर्देश दिए। जनसुनवाई में अन्य अधिकारी एवं शहरी तथा ग्रामीणजन उपस्थित थे। जनसुनवाई कार्यक्रम के दौरान अपर कलेक्टर श्री जेपी सैयाम ने बीमारी से संबंधित इलाज, विद्युत बिलों में सुधार, हैण्डपंपों का संधारण, पेंशन, सड़क दुघर्टना सहायता, हितग्राही मूलक योजनाओं में बैंक ऋण, बीपीएल राशन कार्ड, जमीन पर कब्जा एवं प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत कराने से संबंधित आवेदनों पर गंभीरतापूर्वक कार्यवाही करने के निर्देश दिए कि आवेदकों की ओर से प्रस्तुत किये जाने वाले आवेदनों पर गंभीरता के साथ कार्यवाही कर उनकी समस्याओं का निराकरण किया जाए साथ ही समस्याओं के निस्तारण के संबंध में की गई कार्यवाही से अवगत भी कराएं।

# मदिरा दुकानें 8 मार्च होली पर्व को दोपहर 3 बजे तक एवं 12 मार्च रंगपंचमी को

## दोपहर 3 बजे तक बंद रखने के लिये शुष्क दिवस घोषित

रीतेश अवस्थी, पुष्पांजली टुडे

**दमोह ।** होली पर्व 8 मार्च एवं रंगपंचमी 12 मार्च 2023 पर प्रशासकीय तथा लोकहित की दृष्टि से एवं शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिये मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 24 की उपधारा (1) के तहत कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी एस.कृष्ण चैतन्य ने जिले की सीमा में स्थापित समस्त कम्पोजिट मदिरा दुकानें एवं एफ.एल.-2 रेस्तरांबार/एफ.एल.-3 होटल बारों को 08 मार्च होली पर्व को अपरान्ह 3 बजे तक एवं 12 मार्च रंगपंचमी को अपरान्ह 3 बजे तक बंद रखने के लिये शुष्क दिवस घोषित किया है। उन्होंने आदेशित किया है कि दमोह जिले की सीमा में स्थापित समस्त कम्पोजिट मदिरा दुकानों एवं एफ.एल.-2 रेस्तरांबार/एफ.एल.-3 होटल बारों को होली पर्व 07 मार्च 2023 की रात्रि 11.30 बजे से एवं रंगपंचमी 11 मार्च की रात्रि 11.30 बजे से सीलबंद करके मदिरा विक्रय पूर्णतः प्रतिबंधित किया है।

# लघु व्यापारी संघ ने मनाई होली

## रंग गुलाल पिचकारी पाकर खिल उठे बच्चों के चेहरे




रीतेश अवस्थी, पुष्पांजली टुडे

**दमोह।** मध्यप्रदेश लघु व्यापारी संघ द्वारा पिछले 9 वर्षो से होली मिलन कार्यक्रम किया जाता रहा है हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी मध्य प्रदेश लघु व्यापारी संघ के सभी सदस्यों एवं गणमान्य नागरिकों एवं समाजसेवी संगठनों और मीडिया जगत की हस्तियों के साथ दमोह के चौपाटी बाजार में बच्चों के लिए प्रोत्साहन और त्योहारों में अपनी सनातन संस्कृति को आगे बड़ाने के लिए जरूरतमंद बच्चों के साथ होली मिलन कार्यक्रम किया गया जिसमें करीब 200 से अधिक बच्चों ने इस कार्यक्रम में भाग लिया और कार्यक्रम मैं बच्चों को रंग गुलाल पिचकारी मार्क्स जैसे अनेक उपहार देकर उन्हें पुरस्कृत किया होली के पावन पर्व पर बच्चों को रंग गुलाल पिचकारी मिलने से बच्चों के चेहरे खिल उठे। मध्य प्रदेश लघु व्यापारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष तनुज पाराशर ने बताया कि यह होली मिलन कार्यक्रम हमारे संगठन द्वारा हर साल किया जाता है जिसमें जरूरतमंद बच्चों को होली के उपहार देकर उन्हें त्योहारों से जोड़ने का काम किया जाता है आज की पीड़ी जो सनातन संस्कृति के त्योहारों को भूलती जा रही है और मोबाइल में लगी रहती है बच्चों को होली के त्यौहार से जोड़ने के उद्देश्य ही आज बच्चों को रंग गुलाल पिचकारी मास्क जैसे सामान दिए गए ताकि वह बच्चे अपने त्योहारों से जुड़े और खुलकर होली खेले। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष तनुज पाराशर, प्रदेश महामंत्री शैलेंद्र जैन, जिलाध्यक्ष पंकज सोनी, जिला कोषाध्यक्ष मनोज जैन, भारतीय मजदूर संघ विभाग प्रमुख धर्मेंद्र चौबे, मध्यप्रदेश लघु व्यापारी संघ के एडवाइजर नरेश चौबे, उमेश, पंडित मनोज देवलिया, योगी पांडे, चौपाटी अध्यक्ष नवीन अग्रवाल, जित्तू केसर दूध सेंटर, सौरभ गुप्ता, पत्रकार जगत से नामी पत्रकार प्रमोद तिवारी, आरिफ खान, जमुना चौबे, अनुराग बजाज, धीरज अहिरवाल, मनीष साहू, महेंद्र अठ्या। समाजसेवी संगठन से गौ रक्षक दीपक नेमा, उमेश पंडित तरुण सिरोठिया, अनिल जैन संभागीय सचिव राज्य कर्मचारी संघ राकेश श्रीवास्तव जी कार्यकारी अध्यक्ष भारतीय मजदूर संघ जीडी गुप्ता जिला सचिव राज्य कर्मचारी संघ संदीप चौबे स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष नीलेश अहिरवार धर्मेंद्र अहिरवाल आदि सभी उपस्थित रहे ।

# वन अधिकार नहीं मिलने से वंचित आदिवासियों एवं वन्य निवासियों में भारी आक्रोश

**(दमोह)।** तत्कालीन म.प्र.की कांग्रेस सरकार के वन भूमि के लम्बे समय से लम्बित हजारों दावे निराकरण के लिए बनाये गये एमपी वन मित्र पोर्टल में दर्ज दावों का दमोह जिले मे व्यवस्थित एवं सक्रिय रुप से निराकरण ना होने से वन ग्रामों मे बसे आदिवासियों एवं वन्य निवासियों मे वर्तमान में भारी आक्रोश व्याप्त देखा जा रहा है! म. प्र. एकता परिषद ने सांसद, जिला के सभी विधायकों, कलेक्टर , आदिम जाति कल्याण विभाग दमोह एवं जिला दमोह के शासन-प्रशासन से भूमि एवं गरीब एवं वंचितों के आजीविका के मुद्दे समाधान एवं वनाधिकार कानून के क्रियान्वयन की वास्तविक समीक्षा के लिये जिला समन्वयक बैठक आयोजित करने की पुरजोर अपील की है! इस संबंध में एकता परिषद के पूर्व राज्य समन्वयक सुजात खान, म.प्र.एकता परिषद भूमि अधिकार संघर्ष मोर्चा के जिलाध्यक्ष शिवलाल आदिवासी, सचिव बलराम पटेल , रक्कू आदिवासी, भूपेंद्र सिंह ,अयोध्या प्रसाद, मोहन आदिवासी,परसू आदिवासी, लल्लू आदिवासी, मलखान सिंह गौड़ ने बताया कि तत्कालीन केन्द्र की कांग्रेश सरकार ने वर्ष 2006-07 मे बरसों से जंगल की जमीन पर बसे एवं जंगलों पर आश्रित आदिवासियों एवं वन्य वासियों को देश में वन अधिकार कानून2006-07 बनाकर एवं लागू कर इसके तहत वन भूमि पर कृषि, आवास एवं निस्तार का अधिकार देने के लिए पहल की थी! इसी कानून के तहत प्रदेश में आदिवासियों एवं वन्य निवासियों की काबिज वन भूमि के अधिकार से संबंधित समस्याओं एवं इनके वर्षो से लम्बित दावों को निपटाने के लिए एमपी वन मित्र पोर्टल में नोडल ऐजेंसी आदिम जाति कल्याण विभाग दमोह के माध्यम से हितग्राहियों के दावे फीड करवाये थे! इसी फीडिंग के तहत दमोह जिले के सभी ब्लाकों में लगभग साढ़े 12 सौ से अधिक वन भूमि के लम्बित दावे विधिवत फीड कराये गये थे! किंतु लगभग 411 दावेदारों को ही जैसे तैसे वनाधिकार पत्र दिया गया! वर्तमान में 12 हजार से अधिक वन भूमि काबिज अपना अपना अधिकार पाने के लिए लगातार संघर्ष कर रहे हैं! वर्षो से वन भूमि पर आश्रित, निर्भर एवं काबिज आदिवासी, वन्य निवासी वर्तमान मे नौरादेही अभ्यारण प्रबन्धन, पन्ना टाइगर रिजर्व बफर जोन प्रबन्धन एवं वन विभाग की तानाशाही , मनमानी से लगातार जिले भर मे जूझ रहे हैं! वर्तमान मे आदिवासियों के ऊपर झूठे प्रकरण बनाकर उन्हें काबिज जमीन से बेदखल किया जा रहा है ! उनकी खेती के औजार जप्त किये जा रहे हैं ! उनकी खेती की जमीनों पर नर्सरी, तार फेंसिग आदि लगाकर उन्हें बड़े पैमाने पर भूमिहीन बनाया जा रहा है! उनकी आजीविका का मुख्य आधार भूमि को छीनकर देश के असली मालिक को दर-बदर किया जा रहाहै!इनके अस्तित्व एवं सम्मान को खतरे मे डाला जा रहा है! पीड़ितों के समय-समय पर शासन-प्रशासन को अवगत कराने के बाद भी इनकी समस्या पर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है ! इस कारण जिले भर में आज आदिवासियों एवं वन्य निवासियों मे भारी रोष व्याप्त है! जन संगठन म.प्र.एकता परिषद, भूमि अधिकार संघर्ष मोर्चा जिला दमोह एवं पीड़ित आदिवासियों तथा वन्य निवासियों ने शासन-प्रशासन ,कलेक्टर एवं आदिम जाति कल्याण विभाग दमोह एवं सम्बंधितों से एमपी वन मित्र पोर्टल में दर्ज सभी दावों का शीघ्र निराकरण करने एवं जिले मे कानून के क्रियान्वयन को लेकर जिला समन्वयं बैठक रखने की मांग की है! साथ ही इस मुद्दे पर शीघ्र अहिंसात्मक आंदोलन की चेतावनी भी दी है!

# अकाउंटेंट ऑफ इंडिया के सचिन बने अध्यक्ष और पंकज बने सचिव

**मुरैना**–द इंस्टिट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट ऑफ इंडिया की ग्वालियर ब्रांच के वर्ष 2023-24 के लिए मैनेजिंग कमिटी के चुनाव कमिटी के सदस्यों के मध्य सम्पादित हुए हैं।नई मैनेजिंग कमिटी में सीए सचिन गुप्ता को सर्वसम्मति से अध्यक्ष चुना गया और सीए पंकज शर्मा को सर्वसम्मति से सचिव चुना गया हैं।इसके साथ सीए अजीत बंसल उपाध्यक्ष,सीए राहुल मित्तल कोषाध्यक्ष,सीए निधि अग्रवाल को सिकासा चेयरपर्सन एवं सीए समर्थ दोनेरिया को एग्जीक्यूटिव मेंबर चुना गया।इस मौके पर सचिन गुप्ता व पंकज शर्मा ने इसके लिए सभी कमेटी ने सदस्यों का अभिभावदन किया हैं।



न्यूज़ ट्रैक....

## अब जूनियर और क्षेत्रीय स्तर के टूर्नामेंटों पर जोर देगा हॉकी इंडिया



**नई दिल्ली।** हॉकी इंडिया के अध्यक्ष दिलीप टिर्की ने कहा कि खेल के विकास के लिए हॉकी इंडिया अब देश भर में सब-जूनियर (अंडर-17) और जूनियर (अंडर-19) वर्गों में क्षेत्रीय स्तर के टूर्नामेंट शुरू करेगा। भारतीय टीम के पूर्व कप्तान रहे टिर्की के अनुसार राष्ट्रीय चैम्पियनशिप का अपना ही महत्व है। उन्होंने कहा कि खेल के विकास के लिए जमीनी स्तर पर एक क्षेत्रीय प्रणाली शुरू किये जाने की जरुरत है जिससे उभरते हुए खिलाड़ियों को ज्यादा से ज्यादा मैच खेलने के अवसर मिल सकें। टिर्की ने हाल ही में हॉकी इंडिया की 'पोडकास्ट सीरीज' 'हॉकी पे चर्चा' में कहा, ''किसी भी खेल के विकास के लिये उन्हें जमीनी स्तर पर उसका विकास करना सबसे जरुरी है क्योंकि मजबूत नींव से ही अच्छे खिलाड़ी निकलते हैं। इसके साथ ही मजबूत सीनियर और जूनियर राष्ट्रीय टीमें भी बनती हैं। ''उन्होंने कहा, ''गत समय में सब जूनियर (अंडर-17) और जूनियर (अंडर-19) वर्गों के खिलाड़ियों को ज्यादा मैच खेलने के अवसर नहीं मिलते थे। इसी को देखते हुए हम क्षेत्रीय प्रणाली के टूर्नामेंट लाकर इसमें सुधार करने का प्रयास कर रहे हैं।

## इंदौर पिच की सुनवाई वाली आईसीसी समिति में शामिल नहीं रहेंगे गांगुली



**मुम्बई।** भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) इंदौर के होल्कर स्टेडियम की पिच को खराब रेटिंग दिये जाने के अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के फैसले के खिलाफ अपील करेगा। आईसीसी की जो समिति इस मामले की सुनवाई के लिए बनी है उसके प्रमुख सौरव गांगुली हैं हालांकि सौरव इस मामले में बीसीसीआई की सहायता नहीं कर सकते क्योंकि यहां हितों के टकराव का सवाल उठ खड़ा होगा। ऐसे में गांगुली उस कमेटी का हिस्सा नहीं रहेंगे, जिसे इंदौर की पिच रेटिंग को लेकर सुनवाई करनी है। इस कमेटी में पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के पूर्व सीईओ वसीम खान भी शामिल हैं। गांगुली को पुरुष क्रिकेट कमेटी के चेयरमैन के तौर पर इस पैनल की जिम्मेदारी किसी अन्य को सौपनी होगी। वसीम खान और इस कमेटी का कोई और सदस्य इंदौर पिच रेटिंग पर सुनवाई करेगा। गांगुली टीम इंडिया के पूर्व कप्तान हैं और कुछ ही समय पहले तक वे बीसीसीआई के भी चेयरमैन रहे थे। ऐसे में हितों के टकराव का सवाल उठना प्रबल है। एक रिपोर्ट के अनुसार गांगुली और वसीम के पैनल ने जनवरी में इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट के लिए रावलपिंडी की पिच पर लगाए गए नकारात्मक अंक रद्द करने का फैसला किया था। वसीम आईसीसी में शामिल होने से पहले पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के मुख्य कार्यकारी थे पर वह एक ब्रिटिश नागरिक हैं। ऐसे में उन्हें रावलपिंडी विकेट पर फैसला सुनाने वाले पैनल में बनाये रखा गया था पर गांगुली के मामले में ऐसा नहीं होगा, क्योंकि वे भारतीय नागरिक हैं, टीम के पूर्व कप्तान हैं। आईपीएल की एक टीम के डायरेक्टर ऑफ क्रिकेट ऑपरेशन्स हैं और बीसीसीआई के अध्यक्ष रहे हैं।

# अक्षदीप एशियाई खेलों और विश्व चैंपियनशिप की तैयारी कर रहे



**चंडीगढ़।** पैदलचाल में राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाने के साथ ही 2024 पेरिस ओलंपिक खेलों के लिए क्वालीफाई करने वाले अक्षदीप सिंह अभी चीन में होने वाले एशियाई खेलों और हंगरी में विश्व चैंपियनशिप की तैयारी कर रहे हैं। उन्होंने कहा, 'मैं इन खेलों में पदक जीतने के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ दूंगा और इससे अगले साल पेरिस ओलंपिक खेलों से पहले मेरा आत्मविश्वास भी बढ़ेगा। पंजाब सरकार ने पिछले महीने ही अक्षदीप को 2024 ओलंपिक खेलों की तैयारी के लिए पांच लाख रुपये दिए थे। इस एथलीट ने भारतीय सेना में शामिल होने के लिए ही खेलों का चयन किया था। इस एथलीट ने पिछले महीने झारखंड के रांची में आयोजित 10वीं राष्ट्रीय ओपन रेस पैदल चाल चैंपियनशिप के 20 किमी स्पर्धा में 23 राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया था। अक्षदीप ने इस स्पर्धा में एक घंटा 19 मिनट और 55 सेकंड के समय के साथ राष्ट्रीय बनाया था। उन्होंने हरियाणा के संदीप कुमार (एक घंटा 20 मिनट और 16 सेकंड) का रिकॉर्ड तोड़ा था। उन्होंने कहा, 'जब मैं 15 साल का था, तब मैंने सेना में शामिल होने के अपने सपने को पूरा करने की तैयारी शुरू कर दी थी। उस समय मैं तेज दौड़ता था और सेना में भर्ती की तैयारी कर रहे लोगों ने मेरी तारीफ करते हुए कहा था कि मुझे एथलेटिक्स में उतरना चाहिये। अक्षदीप के कोच ने इसके बाद उन्हें पैदल चाल का विकल्प अपनाने को कहा।

## भारत में जीत के लिए प्रदर्शन में संपूर्णता की जरुरत : मैकडॉनल्ड

**अहमदाबाद।** ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट टीम के मुख्य कोच एंड्रयू मैकडॉनल्ड ने कहा है कि भारतीय टीम को घरेलू हालातों में टक्कर देने के लिए आपको हर क्षेत्र में संपूर्ण रुप से बेहतर प्रदर्शन करना होगा। साथ ही कहा कि टीम को जितनी उम्मीद थी उससे ज्यादा सफलता उसे तीसरे टेस्ट में मिली। शुरुआती दो टेस्ट तीन दिनों के अंदर हारने के बाद भी टीम ने तीसरे टेस्ट को तीन दिनों में जीतकर अच्छी वापसी की। मैकडॉनल्ड ने, 'आप जब भारत में खेलते हैं तो सफलता के लिए आपको अपने खेल में संपूर्णता लानी होगी या उसके करीब पहुंचना होगा। साथ ही कहा कि 11 रनों के भीतर छह विकेट गंवाने के अलावा हम उस मैच में उस संपूर्णता के करीब रहे। मैकडॉनल्ड ने कहा कि टीम के मुख्य खिलाड़ी उपमहाद्वीप के हालातों में खेलने के बारे में सीख रहे है और इससे भविष्य में उन्हें बड़ी सफलता मिलेगी। उन्होंने कहा, 'उपमहाद्वीप में हर खिलाड़ी की यात्रा कही न कहीं से शुरू होती है और मुझे विश्वास है कि खिलाड़ियों का एक समूह है, जो अगली बार अधिक अनुभव के साथ यहां आयेगा वह चुनौतियों के लिए और बेहतर तरीके से तैयार रहेगा। उन्होंने कहा कि भारत में अन्य देशों की तुलना में अलग तरह की चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। साथ ही कहा कि दिल्ली में अगर एक सत्र में टीम ने खराब प्रदर्शन नहीं खेला होता तो ऑस्ट्रेलिया के पास इस बार बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी जीतने का अवसर होता। उन्होंने कहा कि इंदौर में टीम को किस्मत का भी साथ मिला। कोच ने कहा, 'मार्नुस लाबुशेन नो बॉल पर आउट हुए थे। इसके अलावा हमने अवसरों का भी इस्तेमाल किया।

## ऋषभ के नहीं होने से आया अंतर : इयान चैपल



**सिडनी।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व दिग्गज क्रिकेटर इयान चैपल ने कहा है कि इंदौर टेस्ट में भारत की हार का कारण उसके पास आक्रामक बल्लेबाज ऋषभ पंत का नहीं होना रहा। ऋषभ कार हादसे के बाद से ही खेल से दूर और और उनकी वापसी में अभी समय लगेगा। पूर्व ऑस्ट्रेलियाई कप्तान ने कहा भारत की करारी हार का आंकलन करते हुए कहा कि ऋषभ पंत की अनुपस्थिति से भारतीय टीम की बल्लेबाजी में अंतर आया है। ऋषभ की जगह खेल रहे केएस भरत विकेटकीपिंग और बल्लेबाजी दोनो में ही प्रभावित नहीं कर पाये हैं। चैपल ने कहा कि एक बड़ा अंतर मेजबानों के लिए ऋषभ की अनुपस्थिति रहा है और हर कोई धीरे-धीरे यह समझ रहा है कि वह भारतीय टीम के लिए कितना अहम है। चैपल ने कहा, एक बड़ा अंतर यह है कि इस भारतीय पक्ष में कोई ऋषभ नहीं है। इससे पहले पाकिस्तान के पूर्व स्पिनर दानिश कनेरिया ने भी कहा था कि अगर पंत लाइनअप का हिस्सा होते तो स्पिनर मैट कुह्नमैन और नाथन लियोन को नहीं छोड़ते। कनेरिया ने कहा, अगर आप ऋषभ से पूछेंगे कि इन स्पिनरों के खिलाफ कैसे बल्लेबाजी करनी है, तो वह आपको अपने पैरों का उपयोग करने, गेंद की पिच पर पहुंचने और गेंद को दूर तक मारने के लिए कहेंगे।

## अर्धशतकीय पारी खेलकर खुशी हुईः शैफाली

**मुम्बई।** दिल्ली की सलामी बल्लेबाज ओपनर शैफाली वर्मा ने कहा है कि महिला प्रीमियर लीग में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने खिलाफ अपनी पारी की शुरुआत में वह थोड़ी घबरायी हुई थीं। शैफाली ने इस मैच में आक्रामक बल्लेबाजी करते हुए 84 रन बनाये। शैफाली ने कहा कि मेग लेनिंग के साथ उनकी साझेदारी अच्छी रही। लेनिंग ने इस मैच में 72 रन बनाये। शैफाली ने आक्रामक अर्धशतकीय पारी के बाद कहा, मुझे बहुत खुशी हुई, यह बल्लेबाजी के लिए एक बेहतरीन विकेट था। मैं शुरुआत में घबरायी हुई थी। लैनिंग के साथ खेलने का अनुभव अच्छा रहा, वह मेरी अच्छी दोस्त हैं और उन्होंने मुझे बल्ले से अपनी जिम्मेदारी निभाने को कहा। हम सिर्फ अच्छे शॉट खेलना चाहते थे और अपनी ताकत के अनुसार खेलना चाहते थे। जब आप एक लक्ष्य प्राप्त करते हैं तो आप खुशी का अनुभव करते हैं। शैफाली ने 45 गेंदों पर 10 चौकों और 4 छक्कों की मदद से 84 रन जबकि मेग लैनिंग ने 43 गेंदों पर 14 चौकों की मदद से 72 रन की अर्धशतकीय पारी खेली। इसी के साथ ही दोनों ओपनरों के बीच पहले विकेट के लिए 163 रन की साझेदारी हुई।



# एमबाप्पे ने कवानी का रिकार्ड तोड़ा, पीएसजी की ओर से सबसे ज्यादा गोल करने वाले खिलाड़ी बने



**पेरिस।** पेरिस सेंट जर्मेन (पीएसजी) क्लब से खेल रहे फ्रांस के स्टार फुटबॉलर किलियन एम्बाप्पे ने एक नया रिकार्ड अपने नाम किया है। पीएसजी की नैनटेस क्लब पर 4-2 की जीत के साथ ही एम्बाप्पे क्लब की ओर से सबसे ज्यादा गोल करने वाले खिलाड़ी बन गये हैं। एम्बाप्पे ने मैच के इंजरी समय में मुकाबले का अंतिम गोल दागा। यह पीएसजी की ओर से उनका 201वां गोल था। इसी के साथ ही उन्होंने एडिसन कवानी के 200 गोल के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया। इस जीत के साथ ही पीएसजी की टीम फ्रांस की शीर्ष घरेलू लीग लीग वन की में शीर्ष पर पहुंच गई है। एम्बाप्पे ने पीएसजी की ओर से 247वां मैच खेलने के बाद कहा, ''जब मैं यहां आया था तब काफी कम उम्र का खिलाड़ी था। मैंने यहां बहुत कुछ सीखा है। मैं इतिहास रचने के लिए खेलता हूं। मैंने हमेशा यह कहा है। मैं इस टीम और फ्रांस के लिए यह करना चाहता हूं। यह एक व्यक्तिगत उपलब्धि है पर मैं यहां सामूहिक उपलब्धियों के लिए भी आया हूं। इससे पहले अर्जेंटीना के लियोनेल मेसी ने मैच के 12वें मिनट में ही पीएसजी की ओर से पहला गोल किया। वहीं जौन हदजाम के आत्मघाती गोल से टीम की बढ़त दोगुनी हो गयी। लुडोविक ब्लास और इग्नाटियस गनागो ने सात मिनट के अंदर ही दो गोलकर मैच में नैनटेस को वापस मैच में ला दिया पर दूसरे हाफ में डानिलो परेरा के 60वां मिनट में किये गोल से पीएससी ने मैच में एक बार फिर से बढ़त दिया दी। इंजरी समय में गोल दागकर एम्बाप्पे ने टीम की जीत तय कर दी।

व्यापार न्यूज

## जोमैटो के फाउंडर दीपेंद्र गोयल ने रेड कलर की फरारी रोमा खरीदी



**मुंबई।** जोमैटो फूड डिलीवरी एप के फाउंडर दीपेंद्र गोयल ने रेड कलर की फरारी रोमा कार खरीदी है, जिसकी कीमत 4.3 करोड़ रुपये (ऑन-रोड) है। दीपेंद्र को नई कार के साथ गुरुग्राम में जोमैटो के मुख्यायलय के पास ड्राइव करते देखा गया है। उनकी नई फरारी रोमा रेड कलर की है। जोमेटो के फूड एप का भी यही कलर है। फरारी रोमा को साल 2021 में लांच किया गया था। भारत में इसके कुछ गिने चुने खरीददार ही हैं। फरारी रोमा में इंटीग्रेटेड एलईडी डीआरएल के साथ स्लिम एलईडी हेडलाइट दिए गए हैं। इसमें यूनिक डिजाइन के स्लिम एलईडी टेल लाइट दिए गए हैं। इसके अलावा इसमें 8.4 इंच का टैबलेट-स्टाइल वाला टचस्क्रीन इंफोटेनमेंट सिस्टम, 16-इंच के इंस्ट्रूमेंट क्लस्टर और कैपेसिटिव बटन के साथ नया स्टीयरिंग व्हील दिए गए हैं।

सी. एस. भदौरिया
लेबर सप्लायर & कॉन्ट्रेक्टर
अपील
स्वच्छता का रखें विशेष ध्यान, क्लीन ग्वालियर, ग्रीन ग्वालियर
स्वच्छ भारत अभियान में सहभागी बनें

छोटे सिंह भदौरिया
रजनीगंधा इंक्लेव, गोले का मंदिर ग्वालियर म.प्र.
संपर्क: 9755383340

## एल्गी इक्विपमेंट्स ने अपने निवेशकों को बनाया करोड़पति

**मुंबई।** शेयर बाजार में कुछ शेयर होते हैं, जो अपने ग्राहकों को तगड़ा मुनाफा देते हैं। इसतरह के शेयरों की लिस्ट में एल्गी इक्विपमेंट्स का नाम आता है। एल्गी इक्विपमेंट्स की गिनती उन शेयरों में होती है, जिन्होंने पिछले 2 दशकों में अपने निवेशकों को सिर्फ 1 लाख रुपये के निवेश से करोड़पति बना दिया है। वहीं कंपनी के शेयर शुक्रवार 3 मार्च को एनएसई पर 2.18 फीसदी गिरकर 467.10 रुपये के भाव पर बंद हुए।

बता दें कि एयर कंप्रेसर बनाने वाली कंपनी एल्गी इक्विपमेंट्स ने अब वियतमान में भी अपनी पूर्ण स्वामित्व वाली एक सब्सिडियरी कंपनी खोली है। कंपनी ने शेयर बाजारों को भेजी सूचना में बताया कि इस सब्सिडियरी कंपनी का नाम 'एल्गी इक्विपमेंट्स वियतमान एलएलसी रखा गया है, और इस 1 मार्च 2023 को रजिस्ट्रेश सर्टिफिकेट भी मिल गया है। कंपनी ने बताया कि उसकी सब्सिडियरी कंपनी वियतमान में एयर कंप्रेसर्स का कारोबार करेगी। इसके तहत वह कंप्रेसर्स के आयात, निर्यात, होलसेल, डिस्ट्रीब्यूशन, रिटेल बिक्री और उसकी इंस्टॉलेशन व मेंटीनेंस से जुड़ी सुविधाएं मुहैया कराएगी। बता दें कि आज से करीब 20 साल पहले, 13 मार्च 2003 को एनएसई पर कंपनी के शेयरों की प्रभावी कीमत महज 4.13 रुपये थी। इस तरह पिछले 2 दशक में कंपनी के शेयरों में करीब 11, 200 फीसदी की शानदार तेजी आई है। इसके अलावा यदि हम कंपनी के शेयरों के हालिया प्रदर्शन की बात करें, तब पिछले एक महीने में इसमें करीब 13.28 फीसदी की तेजी आई है। वहीं पिछले एक साल में इसने अपने निवेशकों को 42.69 फीसदी का तगड़ा रिटर्न दिया है और पिछले 5 सालों में यह शेयर 227.67 फीसदी चढ़ा है।

## केनरा बैंक के क्रेडिट कार्ड से कर सकेंगे यूपीआई पेमेंट




**नई दिल्ली।** अब एनपीसीआई द्वारा संचालित भीम, पेटीएम, पेजैप, मोबिक्विक, फ्रीचार्ज आदि यूपीआई ऐप्स पर केनरा बैंक का रूपे क्रेडिट कार्ड लाइव हो गया है। यानी कि आप अपने केनरा बैंक के रूपे क्रेडिट कार्ड को इन ऐप्स के यूपीआई से लिंक कर सकते हैं और पड़ोस के किराना स्टोर पर मर्चेंट यूपीआई क्यूआर कोड को स्कैन कर पेमेंट कर सकते हैं। उल्लेखनीय है कि हाल ही में रूपे क्रेडिट कार्ड ऑन यूपीआई सुविधा की शुरुआत हुई है। हालांकि रूपे क्रेडिट कार्ड के जरिए आप केवल मर्चेंट यूपीआई क्यूआर कोड को स्कैन कर ही पेमेंट कर सकते हैं। पी2पी पेमेंट नहीं कर सकते हैं। फिलहाल एचडीएफसी बैंक, पंजाब नेशनल बैंक, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, इंडियन बैंक और केनरा बैंक के रूपे क्रेडिट कार्ड होल्डर्स अपने कार्ड को भीम, पेटीएम, पेजैप, मोबिक्विक, फ्रीचार्ज आदि यूपीआई ऐप्स से लिंक कर सकते हैं। भीम, पेटीएम, मोबिक्विक, पेजैप, फ्रीचार्ज जैसे कुछ यूपीआई ऐप्स पर 5 बैंकों के रूपे क्रेडिट लाइव हो चुके हैं। भविष्य में आप दूसरे यूपीआई ऐप से भी अपने रूपे क्रेडिट कार्ड को लिंक कर पाएंगे। फिलहाल केनरा बैंक, एचडीएफसी बैंक, पंजाब नेशनल बैंक, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया और इंडियन बैंक के रूपे क्रेडिट कार्ड होल्डर्स अपने कार्ड को यूपीआई ऐप से लिंक कर सकते हैं।

## सोना 56000 प्रति 10 ग्राम और चांदी 64000 रुपए किलो



**नई दिल्ली।** पिछले कई महीनों से सोने और चांदी के दाम में लगातार तेजी देखी जा रही है। फिलहाल सोना 56000 रुपए प्रति 10 ग्राम और चांदी 64000 रुपए प्रति किलो के मनोवैज्ञानिक स्तर आंकड़े के करीब बिक रहा है। हालांकि पिछले पूरे कारोबारी हफ्ते के दौरान सोने और चांदी के दाम मिलाजुला रूख रहा। पिछले कारोबारी हफ्ते में सोना के दाम 46 रुपए प्रति 10 ग्राम की तेजी दर्ज की जबकि चांदी की कीमत में 192 रुपए प्रति किलो की दर से गिरावट दर्ज की गई। गौरतलब है कि इंडियन बुलियन ज्वैलर्स एसोशिएशन की ओर से केंद्रीय सरकार द्वारा घोषित छुट्टियों के अलावा शनिवार और रविवार को भाव जारी नहीं किए जाते हैं। यानी अब सोने-चांदी का नया भाव सोमवार को जारी होगा। इस कारोबारी हफ्ते के पांचवे और आखिरी दिन शुक्रवार को सोना 16 रुपए प्रति 10 ग्राम की दर से महंगा होकर 56103 रुपए प्रति किलो जबकि गुरुवार को 53 रुपए प्रति 10 ग्राम की दर से सस्ता होकर 56087 रुपए प्रति किलो, बुधवार को सोना 590 रुपए प्रति 10 ग्राम की दर से महंगा होकर 56140 रुपए प्रति किलो, मंगलवार को 116 रुपए प्रति 10 ग्राम की दर से सस्ता होकर 55550 रुपए प्रति किलो और सोमवार को सोना 291 रुपए प्रति 10 ग्राम की दर से सस्ता होकर 55666 रुपए प्रति किलो पर बंद हुआ। वहीं शुक्रवार को चांदी 433 रुपए तेज होकर 64139 रुपए, गुरुवार को 540 रुपए गिरकर 63706 रुपए बुधवार को 1239 रुपए तेज होकर 64246 रुपए, मंगलवार को 439 रुपए की नरमी के साथ 63007 रुपए और सोमवार को चांदी 885 रुपए की नरमी के साथ 63446 रुपए प्रति किलो पर बंद हुई थी।

## खाते में जल्द जमा हो सकता है पीएफ के ब्याज का पैसा

**नई दिल्ली।** प्रोविडेंट फंड (पीएफ) खाता धारक इसमें जमा राशि पर मिलने वाले ब्याज के इंतजार में हैं। मौजूदा वित्त वर्ष के खत्म होने में अब अधिक समय नहीं बचा है, लेकिन पीएफ का ब्याज लोगों के खाते में अभी तक ट्रांसफर नहीं हुआ है। ईपीएफओ ने ब्याज की राशि ट्रांसफर को करने के संबंध में जवाब दिया है। बता दें कि सरकार ने मौजूदा वित्त वर्ष के लिए पीएफ पर मिलने वाले ब्याज को 8.1 फीसदी तय किया है।ट्विटर पर जवाब देते हुए ईपीएफओ ने कहा कि ब्याज की राशि ट्रांसफर करने की प्रक्रिया चलती रहती है। ये आपके खाते में जल्दी नजर आएगी। ब्याज की रकम का पेमेंट पूरा किया जाएगा। खाताधारक को किसी भी तरह का नुकसान नहीं होगा। माना जा रहा है कि 6.5 करोड़ लोगों का इंतजार जल्द खत्म हो सकता है। इपीएफओ खाताधारकों का इंतजार लगातार लंबा हो रहा है। पीएफ ब्याज का पैसा बीते कुछ सालों से खाताधारकों को समय पर नहीं मिल पा रहा है। पीएफ के नियमों में बदलाव की बात करें तो सरकार ने 1 फरवरी 2023 को देश का आम बजट पेश करते हुए ईपीएफ के पैसों की निकासी को लेकर राहत देने का ऐलान किया था।

# यूपी में इलेक्ट्रिक गाड़ी खरीदने पर नहीं लगेगा टैक्स

### 14 अक्टूबर 2022 से तीन साल तक ईवी खरीद पर टैक्स व रजिस्ट्रेशन पर छूट मिलेगी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने राज्य में इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) को बढ़ावा देने के लिए बड़ा निर्णय किया है। इसके अनुसार अब यहां पर इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) की खरीद पर कोई टैक्स नहीं लगेगा और न ही कोई रजिस्ट्रेशन फीस देनी होगी। उत्तर प्रदेश शासन ने पूर्व में जारी अधिसूचना को संशोधित करते हुए यह निर्णय किया है। इसके अंतर्गत 3 साल तक का टैक्स और रजिस्ट्रेशन फीस नहीं देनी होगी। वहीं प्रदेश में ही निर्मित इलेक्ट्रिक व्हीकल्स की खरीद पर यह छूट 5 साल तक मान्य होगी। प्रमुख सचिव एल वेंकटेश्वर लू की ओर से जारी संशोधित अधिसूचना के अनुसार उत्तर प्रदेश इलेक्ट्रिक वाहन विनिर्माण एवं गतिशीलता नीति 2022 के अनुसार 14 अक्टूबर 2022 से 13 अक्टूबर 2025 तक उत्तर प्रदेश में बिक्री एवं रजिस्ट्रीयुक्त इलेक्ट्रिक व्हीकल (ईवी) पर कर से शत-प्रतिशत छूट दी जाएगी। वहीं, 14 अक्टूबर 2022 को अधिसूचित इलेक्ट्रिक व्हीकल नीति की प्रभावी अवधि के चौथे और पांचवें वर्ष यानी 14 अक्टूबर 2025 से 13 अक्टूबर 2027 तक प्रदेश में बनने वाले, बेचे जाने वाले एवं रजिस्ट्रेशन हाने वाले ईवी पर भी शत- प्रतिशत छूट मिलेगी। इलेक्ट्रिक व्हीकल से आशय के संबंध में स्पष्टीकरण भी दिया गया है। इसके अनुसार वो ईवी का तात्पर्य इलेक्ट्रिक मोटर का उपयोग करने वाले समस्त ऑटोमोबाइल से है जो बैट्री, अल्ट्रा कैपेसिटर अथवा ईंधन सेल द्वारा चालित होते हैं। इनमें समस्त 2 व्हीलर, 3 व्हीलर एवं 4 व्हीलर स्ट्रांग हाइब्रिड इलेक्ट्रिक यान (एचईवी), प्लग इन हाइब्रिड इलेक्ट्रिक यान (पीएचईवी), बैटरी इलेक्ट्रिक यान (बीईवी) तथा फ्यूल सेल इलेक्ट्रिक यान (एफसीईवी) सम्मिलित हैं। उत्तर प्रदेश इलेक्ट्रिक वाहन नीति के अनुसार प्रदेश में इलेक्ट्रिक वाहन खरीदने पर ग्राहकों को भारी सब्सिडी भी मिलेगी। नीति के अनुसार प्रदेश में खरीदे गए इलेक्ट्रिक वाहनों के फैक्ट्री मूल्य पर 15 प्रतिशत की सब्सिडी भी दी जाएगी। इसमें पहले दो लाख इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहनों पर 5,000 रुपये प्रति वाहन, पहले 50,000 इलेक्ट्रिक तीन पहिया वाहनों पर अधिकतम 12,000 रुपए और पहले 25,000 इलेक्ट्रिक चार पहिया वाहनों के लिए प्रति वाहन पर एक लाख रुपये तक की सब्सिडी दी जाएगी। वहीं प्रदेश में खरीदी गई पहली 400 बसों पर प्रति ई-बस 20 लाख रुपये तक की सब्सिडी दी जाएगी। साथ ही अधिकतम 1000 ई गुड्स कैरियर्स को प्रति वाहन 1,00,000 तक ई-गुड्स कैरियर्स की खरीद के लिए फैक्ट्री मूल्य पर 10 प्रतिशत की सब्सिडी दी जाएगी। सरकारी कर्मचारियों को भी इलेक्ट्रिक वाहन खरीदने के लिए सरकार प्रोत्साहित करेगी।



# ऑरेंज बॉडीकॉन ड्रेस में दिखा रकुल प्रीत का बोल्ड अंदाज, खूब वायरल हो रहीं ये तस्वीरें



बॉलीवुड इंडस्ट्री की मशहूर अभिनेत्री रकुल प्रीत सिंह इन दिनों अपनी ओटीटी पर रिलीज हुई फिल्म छत्तरीवाली की सफलता एन्जॉय कर रही हैं। एक्ट्रेस की ये फिल्म ओटीटी पर धमाल मचा रही है जिसके चलते ओटीटी पर इन दिनों ये मूवी नंबर वन ट्रेंडिंग फिल्म बन गई है। हाल ही में रकुल प्रीत ने अपनी लेटेस्ट ग्लैमरस फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर की हैं। इन तस्वीरों में उनका हॉट लुक फैंस के बीच कहर बरपा रहा है। बॉलीवुड एक्ट्रेस रकुल प्रीत सिंह ने आज अपने एक्टिंग के दम पर इंडस्ट्री में अपनी एक खास पहचान बना ली है। इन दिनों अभिनेत्री की फिल्म छत्तरीवाली ने ओटीटी प्लेटफॉर्म पर धमाल मचाया हुआ है। हालांकि फिल्म दर्शकों की पहली पसंद भी बनी हुई है। हाल ही में एक्ट्रेस रकुल प्रीत सिंह की लेटेस्ट फोटोज इंस्टाग्राम पर तेजी से वायरल हो रही हैं। इन तस्वीरों में रकुल प्रीत सिंह का स्टाइलिश आउटफिट देख कर फैंस उनके लुक्स की तारीफ करते नहीं थक रहे हैं। अभिनेत्री ने फोटोशूट के दौरान ऑरेंज कलर का बॉडीकॉन ड्रेस पहना हुआ था जिसमें वो बेहद ही गॉर्जियस लुक्स में दिखाई दे रही थीं। ओपन हेयर, न्यूड मेकअप और कानों में ईयरिंग्स पहन कर एक्ट्रेस रकुल प्रीत सिंह ने अपने इस आउटलुक को कंप्लीट किया है। बता दें कि एक्ट्रेस इन दिनों ग्लैमर की दुनिया में अपनी एक खास पहचान बना चुकी हैं। रकुल प्रीत सिंह की इंस्टाग्राम पर फैन फॉलोइंग लिस्ट काफी तगड़ी है। एक्ट्रेस रकुल प्रीत फिल्मों के अलावा अपने फैशन स्टेटमेंट्स से भी फैंस का ध्यान अपनी ओर खींच लेती हैं।

## दलजीत कौर को फिर मिला प्यार, मार्च में होगी शादी



बिग बॉस के कंटेस्टेंट शालिन भनोट की एक्स वाइफ दलजीत कौर ने हाल ही में ब्रिटेन में जन्मे निखिल पटेल से सगाई की, जो एक फाइनेंस कंपनी में काम करते हैं। इस कपल ने नेपाल में सगाई की और इस मार्च शादी करने वाले हैं। निखिल से शादी के बाद दलजीत अपने बेटे जेडन के साथ लंदन चली जाएंगी। कुलवधु की एक्ट्रेस ने खुलासा किया कि कैसे वह और निखिल दुबई में एक कॉमन फ्रेंड की पार्टी में मिले और बच्चों के प्यार के कारण एक-दूसरे से जुड़ गए। एक्ट्रेस ने बताया कि उन्होंने निखिल के पैर की उंगलियों पर ब्लू कलर का नेल पेंट देखा। जब उन्होंने उनसे इस बारे में पूछा, तो उन्होंने जवाब दिया- मैं दो बेटियों का प्राउड डैड हूं। दलजीत ने कहा, यह सिर्फ दो सिंगल पैरेंट्स की चैटिंग थी। प्यार समय के साथ हुआ। यह हमारे बच्चों के लिए हमारा प्यार था, जिसने हमें जोड़ा। उन्होंने कहा कि जहां निखिल की छोटी बेटी अनिका अपनी मां के साथ यू.एस. में रहती है, वहीं बड़ी बेटी अरियाना हमारे साथ रहेगी।

# फिल्म लॉस्ट का ट्रेलर रिलीज; प्यार, धोखे और राजनीति के बीच उलझीं यामी गौतम



यामी गौतम के लिए बीता साल काफी अच्छा साबित हुआ। उन्हें पर्दे पर दमदार भूमिकाओं में देखा गया। इस साल भी अभिनेत्री एक से बढ़कर एक फिल्मों में अपने अभिनय का जलवा बिखेरने को तैयार हैं। काफी समय से यामी फिल्म लॉस्ट को लेकर चर्चा में हैं। फिल्म का टीजर सामने आने के बाद से ही दर्शक इसके ट्रेलर की राह देख रहे थे। अब आखिरकार दर्शकों का इंतजार खत्म हो गया है। लॉस्ट का ट्रेलर रिलीज हो गया है। ट्रेलर में यामी क्राइम रिपोर्टर रिद्धि के किरदार में दिख रही हैं। इसकी कहानी एक खोए हुए लड़के की है, जो अपनी मौत के पीछे कई राज छोड़ चुका है और रिद्धि इन्हीं राजों से पर्दा हटाने की फिराक में हैं। इसमें दिखाया गया है कि कैसे प्यार से मिले धोखे और राजनीति के चलते लड़का गायब हो जाता है। रिद्धि एक ईमानदार पत्रकार है, जो सच सामने लाने के लिए अपनी जान की बाजी लगाने को भी तैयार है।

लॉस्ट में सस्पेंस और इमोशंस का जबरदस्त तड़का लगा है। यामी को देख लग रहा है मानों वह असल में कोई केस सुलझा रही हों। उन्होंने बतौर क्राइम रिपोर्टर अपने किरदार की नब्ज को मजबूती से पकड़ा है। फिल्म में सच्ची पत्रकारिता दिखाई गई है।

सच्ची घटनाओं से प्रेरित लॉस्ट एक युवा महिला क्राइम रिपोर्टर की कहानी है, जो एक युवा छात्र के अचानक गायब होने के पीछे की सच्चाई की खोज में है। फिल्म में पंकज कपूर, राहुल खन्ना, नील भूपलम, पिया बाजपेयी और तुषार पांडे जैसे युवा कलाकार भी देखने को मिलेंगे। इसकी कहानी श्यामल सेनगुप्ता और अनिरुद्ध रॉय चौधरी ने लिखी है। अनिरूद्ध ने ही फिल्म का निर्देशन भी किया है। लॉस्ट 16 फरवरी को जी5 पर रिलीज हो रही है। शिकागो साउथ एशियन फिल्म फेस्टिवल में लॉस्ट को आधिकारिक रूप से ओपनिंग नाइट प्रीमियर फिल्म के रूप में चुना गया था। दर्शकों ने खुले दिल से इसका स्वागत किया था। शिकागो साउथ एशियन फिल्म फेस्टिवल सबसे बड़ा वार्षिक दक्षिण एशियाई कार्यक्रम है, जो बढ़िया कहानियों की सराहना करता है। लॉस्ट का गोवा में इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल ऑफ इंडिया में प्रीमियर हो चुका है। अटलांटा इंडियन फिल्म फेस्टिवल में भी इस फिल्म को सराहा जा चुका है। यामी के खाते में अक्षय कुमार की फिल्म ओह माय गॉड 2 भी है। इसमें वह लीड रोल में दिखाई देंगी। यह पहली बार होगा, जब यामी अक्षय के साथ किसी फिल्म में नजर आएंगी। धूम धाम नाम की रोमांटिक कॉमेडी फिल्म में भी यामी अपनी मौजूदगी दर्ज कराने वाली हैं। इसमें उनके साथ लोकप्रिय अभिनेता प्रतीक गांधी दिखेंगे। अमर कौशिक की फिल्म चोर निकल के भागा में यामी अभिनेता सनी कौशल के साथ दिखाई देंगी।

# साजिद खान ने निभाया अपना वादा, सौंदर्या शर्मा को अपनी फिल्म में दिया प्रस्ताव

साजिद खान हाल ही में बिग बॉस 16 में नजर आए थे और अब वह एक फिल्म का निर्देशन कर रहे हैं। इसी के साथ धीरे-धीरे उनके करियर की गाड़ी पटरी पर आ रही है। साजिद ने अपनी फिल्म का ऐलान तो शो के प्रीमियर में ही कर दिया था और अब खबर है कि उन्होंने शो में उनकी दोस्त बनीं सौंदर्या शर्मा को अपनी इस फिल्म का हिस्सा बना दिया है। बिग बॉस 16 में साजिद की सौंदर्या के साथ खूब बनती थी। साजिद ने घर के अंदर सौंदर्या के साथ भविष्य में काम करने पर चर्चा की थी और अब उन्होंने अपना वादा पूरा कर लिया है। रिपोर्ट के मुताबिक, साजिद ने सौंदर्या को अपनी अगली फिल्म 100त्र का हिस्सा बना दिया है। इस फिल्म के एक गाने के लिए साजिद ने सौंदर्या को कास्ट किया है और वह जल्द ही इसकी शूटिंग शुरू करने वाली हैं। साजिद ने आखिरी बार 2014 में फिल्म हमशकल्स का निर्देशन किया था। म मीटू के आरोप में फंसे साजिद अब लंबे समय बाद इस फिल्म के जरिए काम पर लौट रहे हैं। इसमें शहनाज गिल, जॉन अब्राहम, नोरा फतेही और रितेश देशमुख अहम भूमिका में हैं। सौंदर्या फिनाले के दो हफ्ते पहले बिग बॉस 16 से बाहर हुईं, लेकिन वह जब तक शो में रहीं, खूब चर्चा में रहीं और उन्हें जनता का पूरा समर्थन मिला। 112वें दिन में वह घर से बाहर हुई थीं। हालांकि, प्रशंसकों ने उनके एलिमिनेशन पर कड़ी नाराजगी जाहिर की थी। सौंदर्या को टीना दत्ता, सुंबुल तौकीर खान और शालीन भनोट के साथ नॉमिनेट किया गया था। लोगों की तरफ से कम वोट मिलने के चलते सौंदर्या बेघर हुई थीं। सौंदर्या एक फिल्म अभिनेत्री हैं। हालांकि, पहले वह उतनी सुर्खियों में नहीं रहीं। बिग बॉस 16 ही उन्हें लाइमलाइट में लेकर आया। इसके बाद सौंदर्या की फैन फॉलोइंग में जबरदस्त इजाफा हुआ। सौंदर्या ने 2017 में फिल्म रांची डायरीज से बॉलीवुड में अपना करियर शुरू किया था। पिछली बार उन्हें फिल्म थैंक गॉड में देखा गया, जिसमें उन्होंने मेहमान भूमिका निभाई। वह रक्तांचल 2, कंट्री माफिया और करम युद्ध जैसी वेब सीरीज में भी दिख चुकी हैं। प्रियंका चाहर चौधरी को सलमान खान की सिफारिश पर शाहरुख खान कर फिल्म डंकी का प्रस्ताव मिला है, वहीं अब्दु रोजिक को सलमान ने अपनी फिल्म किसी का भाई किसी की जान का हिस्सा बनाया है।

## गर्व है मुझे लोग असली नाम के बजाय अनुपमा बुलाते है : रूपाली गांगुली



लोकप्रिय टीवी शो अनुपमा में लीड रोल निभा रही एक्ट्रेस रूपाली गांगुली को इस बात का गर्व है कि लोग उन्हें असली नाम के बजाय उनके किरदार के नाम से बुलाते हैं। यह शो 2020 में शुरू हुआ था और सप्ताह दर सप्ताह टॉप टीआरपी रेटिंग हासिल करता जा रहा है। इस सफलता को लेकर टीम जश्न मना रही है। शो के बारे में बात करते हुए रुपाली ने कहा, राजन शाही, आप एक जादूगर हैं, इसके लिए आपकी सदा आभारी हूं और हम जो हैं, उसे बनाने के लिए स्टार प्लस को धन्यवाद। हम जहां भी जाते हैं, मुझे खुशी होती है कि लोग मुझे रूपाली के बजाय अनुपमा कहते हैं, मुझे गर्व महसूस होता है। मैं अगले दिन काम पर वापस आने के लिए बहुत उत्साहित रहती हूं और मुझे आशा है कि यह उत्साह जारी रहेगा। हम चलते रहेंगे। उन्होंने कहाः मैंने 2016 में अपने पिता को खो दिया था, लेकिन जब मैं सेट पर चलती हूं तो मुझे उनकी उपस्थिति महसूस होती है। यह मेरा घर है और मैं सेट पर कम से कम 12 घंटे बिताती हूं और मुझे हर दिन यहां रहना पसंद है। आप में से हर एक का धन्यवाद। अनुपमा स्टार प्लस पर एक भारतीय हिंदी भाषा की टीवी ड्रामा सीरीज है। निर्देशक कुट प्रोडक्शंस के बैनर तले राजन शाही और दीपा शाही द्वारा निर्मित है। यह शो स्टार प्लस पर टेलीकास्ट होता है।

# मेडिटेशन से जुड़े ये भ्रम नही हैं सच, जानिए इनकी हकीकत



मेडिटेशन यानि ध्यान लगाने से न सिर्फ शारीरिक बल्कि कई तरह के मानसिक लाभ भी मिल सकते हैं। यहीं कारण है कि यह दुनियाभर में काफी लोकप्रिय है। हालांकि, मेडिटेशन को लेकर लोगों में कई ऐसी धारणाएं या भ्रम हैं, जिससे इसका पूरा लाभ नहीं मिल पाता है या लोग इससे दूरी बनाए रखना ही सही समझते हैं। आइए आज मेडिटेशन से जुड़े भ्रम और उनकी सच्चाई जानते हैं।

**भ्रम- मेडिटेशन सिर्फ बैठकर ही किया जा सकता है:** बहुत से लोगों का ऐसा मानना है कि मेडिटेशन सिर्फ बैठकर ही किया जा सकता है, जबकि यह सिर्फ एकमात्र तरीका नहीं है। आप टहलते हुए भी मेडिटेशन कर सकते हैं और ध्यान केंद्रित कर सकते हैं। दुनिया भर के कई अभ्यासी चलते हुए किए जाने वाले मेडिटेशन, लंबी पैदल यात्रा वाले मेडिटेशन आदि में भाग लेते हैं। इसके अतिरिक्त, आप मेडिटेशन के लिए सोफे या बिस्तर पर भी लेट सकते हैं।

**भ्रम- मेडिटेशन सिर्फ विचारों को नियंत्रित करता है:** अगर आपको लगता है कि मेडिटेशन सिर्फ विचारों को नियंत्रित करता है, जबकि यह सिर्फ एक भ्रम से ज्यादा कुछ नहीं है। मेडिटेशन का अभ्यास करते समय नियंत्रण जैसा शब्द शून्य अर्थ रखता है। एक मेडिटेशन सेशन के दौरान विचार बिना आमंत्रण के आते हैं और मन में हर तरह के विचारों से भरा होना सामान्य बात है। अच्छे विचारों की लालसा और बुरे विचारों से परहेज करके आप उन्हें नियंत्रित नहीं कर सकते।

**भ्रम- मेडिटेशन से सारी समस्याएं दूर जाती हैं-** बहुत से लोग मानते हैं कि मेडिटेशन समस्याओं से बचाने या उनसे अस्थायी राहत पाने का एक तरीका है, लेकिन यह सच नहीं है। यह आपको अपनी समस्याओं का सामना करने और उनके प्रभाव को कम करने में मदद कर सकता है। जब आप मेडिटेशन के माध्यम से अपने भीतर गहरे शांत क्षेत्र में पहुंच जाते हैं तो आप स्थितियों को स्वीकार करने कर लगते हैं।

**भ्रम- स्वास्थ्य लाभ के लिए मेडिटेशन का वर्षों तक अभ्यास करना पड़ता है :** यह सिर्फ एक भ्रम है कि स्वास्थ्य लाभ के लिए मेडिटेशन का वर्षों तक अभ्यास करना पड़ता है, जबकि ऐसी नहीं है। मेडिटेशन के लाभ तत्काल और दीर्घकालिक दोनों हो सकते हैं। आप इसका लाभ तभी प्राप्त कर सकते हैं जब आप इसे पहली बार करते हैं। हालांकि, ध्यान रखें कि बदलाव रातोंरात नहीं होते हैं मेडिटेशन सेशन समाप्त करने के तुरंत बाद आप अधिक आराम, सक्रिय और शांतिपूर्ण महसूस कर सकते हैं।

**भ्रम- मेडिटेशन ज्यादा समय लेने वाली प्रक्रिया है:** यह भी सिर्फ भ्रम से ज्यादा और कुछ नहीं है कि मेडिटेशन अधिक समय लेने वाली प्रक्रिया है। मेडिटेशन समय लेने वाली प्रक्रिया नहीं है। आप अपने मन मुताबिक मेडिटेशन का समय निर्धारित कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त, यह करना बहुत आसान और दिलचस्प है क्योंकि इसमें शरीर की विभिन्न संवेदनाएं शामिल होती हैं।

# इन 5 ओवरनाइट फेस मास्क को घर पर बनाकर करें इस्तेमाल, त्वचा रहेगी हाइड्रेटेड

ओवरनाइट फेस मास्क ऐसे मास्क होते हैं, जिन्हें सोने से ठीक पहले लगाया जाता है और उठने के बाद धोया जाता है। इन्हें स्लीपिंग मास्क भी कहते हैं। इस तरह के फेस मास्क का इस्तेमाल करने से त्वचा में हाइड्रेशन को बढ़ावा देने, पौष्टिक तत्वों की मौजूदगी बढ़ाने और त्वचा की देखभाल करने में मदद मिलती है। आइए आज हम आपको घर पर ओवरनाइट फेस मास्क बनाने का तरीका और इसके इस्तेमाल से होने वाले फायदे बताते हैं।



### नारियल तेल से बना फेस मास्क

फेस मास्क बनाने का तरीका- सबसे पहले अपनी पसंदीदा नाइट क्रीम में एक चम्मच एक्सट्रा नारियल तेल या कोल्ड-प्रेस्ड नारियल तेल मिलाएं। अब थोड़ी क्रीम लें और फिर इसे अपने चेहरे पर मसाज करें। याद रखें कि इसे लगाने के बाद अगली सुबह ही धोना है। फायदे- नारियल का तेल आपकी त्वचा के रूखेपन, सूजन, जलन और सूरज की हानिकारक पराबैंगनी (यूवी) किरणों से होने वाली समस्याओं से छुटकारा दिलाने में मददगार है।

### तरबूज का स्लीपिंग मास्क

फेस मास्क बनाने का तरीका- इसे बनाने के लिए सबसे पहले एक कप तरबूज के टुकड़ें (लाल गूदा) को कद्दूकस कर लें और फिर इसका रस छान लें। अब कॉटन बॉल का इस्तेमाल करके तरबूज के रस को अपने चेहरे पर लगाएं और सोने से पहले इसे सूखा लें। फायदे- तरबूज काफी रसीला फल होता है। ऐसे में यह आपकी त्वचा को हाइड्रेट रखने और इसे निखारने में मदद करता है।

### हल्दी और दूध का फेस मास्क

फेस मास्क बनाने का तरीका- सबसे पहले एक चम्मच कच्चे दूध में आधा चम्मच हल्दी पाउडर मिलाएं। अब कॉटन बॉल की मदद से इसे टोनर के जैसे अपने चेहरे पर लगा लें। फायदे- हल्दी का दूध कई स्वास्थ्य समस्याओं के लिए आयुर्वेदिक उपाय है। इसमें एंटी-माइक्रोबियल, एंटी-ऑक्सीडेंट और एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण होते हैं, जो स्वास्थ्य समस्याओं से निजात दिलाने के अलावा मुहांसों और फोटोएजिंग को कम करने में मदद करता है।

### खीरे का फेस मास्क

फेस मास्क बनाने का तरीका- सबसे पहले आधे खीरे का रस निकाल लें और फिर कॉटन बॉल की मदद से इसे अपने पूरे चेहरे पर अच्छे से लगा लें। फायदे- खीरा आपके शरीर के लिए तो अच्छा है ही, लेकिन यह त्वचा को हाइड्रेट रखने और चमकदार बनाने में भी काफी प्रभावी है। साथ ही इसके जूस से त्वचा को ठंडक मिलती है, जिससे सनबर्न की समस्या से राहत मिलती है।

### एलोवेरा और विटामिन- ई का फेस मास्क

फेस मास्क बनाने का तरीका- सबसे पहले विटामिन- ई कैप्सूल से इसका तेल निकाल लें और फिर इसे एलोवेरा जेल के साथ मिला लें। अब इसे अपने चेहरे और गर्दन पर अच्छे से लगाएं। फायदे- एलोवेरा में अमीनो एसिड, सैलिसिलिक एसिड, लिग्निन और एंजाइम के साथ विटामिन ए, सी और ई जैसे एंटी-ऑक्सीडेंट होते हैं। इस वजह से इसका इस्तेमाल करने से त्वचा की सूजन कम होती है।और यह त्वचा को हानिकारक यूवी किरणों के दुष्प्रभाव से बचाता है।

00

# थाटीपुर में हाथ से हाथ जोड़ो यात्रा निकली

**ग्वालियर।** 16 ग्वालियर पूर्व विधानसभा के थाठीपुर ब्लॉक के वार्ड क्रमांक 28 में आज विधायक डॉ. सतीश सिकरवार के नेतृत्व में 'हाथ से हाथ जोडो' यात्रा निकाली गई। आज सुबह 8 बजे थाठीपुर थाना पर कांग्रेस कमेटी के प्रदेश पदाधिकारी, जिला पदाधिकारी, ब्लॉक पदाधिकारी, पार्षद एवं सैकड़ो कांग्रेस कार्यकर्ता एकत्रित हुये और वहां से नितिन नगर गली नं.1, 2, 3, 4, शैलू सेंगर कॉलोनी, मेहरा कॉलोनी, बालाजी वाटिका, हरनामपुरा बजरिया, हरेन्द्र यादव वाली गली, खटीक मौहल्ला, आनंद नगर, वाल्मीक बस्ती, बजरिया तक 'हाथ से हाथ जोडो' यात्रा निकाली गई और यात्रा के समापन पर जनचौपाल का भी आयोजन किया गया। यात्रा के दौरान विधायक डॉ. सतीश सिकरवार ने घर-घर जाकर लोगों को कांग्रेस पार्टी की सरकार में जनता के लिये कौन-कौन सी जनकल्याणकारी योजनायें शुरू की गई उनके बारे में बताया। यात्रा के दौरान विधायक डॉ. सिकरवार का जगह-जगह महिलाओं एवं पुरूषों ने पुष्पहार पहनाकर एवं



तिलक कर स्वागत व सम्मान किया।

जनचौपाल में विधायक डॉ. सतीश सिकरवार ने जनता को संबोधित करते हुये कहा कि कांग्रेस ने आजादी के बाद देश को एकता के सूत्र में पिरोने, आत्मनिर्भर बनाने, गरीबों, किसानों, दलितों, पिछड़ों, अल्पसंख्यकों, महिलाओं तथा समाज के सभी कमजोर वर्गों के लिए विकास का ताना-बाना तैयार करने और उसमें उनकी भागीदारी सुनिष्चित करने के अथक प्रयास किया। एक मजबूत, लोकतांत्रिक एवं धर्मनिरपेक्ष भारत के निर्माण में कांग्रेस पार्टी के योगदान, बलिदान और गौरवशाली परम्परा के कारण ही भारत एक मजबूत अर्थवस्था और विश्वशक्ति के रूप में उभरा है। 'हाथ से हाथ जोडो' यात्रा में मुख्य रूप से जिला संगठन मंत्री सुरेन्द्र यादव, एम.आई.सी. सदस्य अवधेश कौरव, ब्लॉक अध्यक्ष विनोद जैन, देवेन्द्र चौहान, गिर्राज शर्मा, महादेव अपोरिया, अनूप शिवहरे, पार्षद श्रीमती गायत्री सुधीर मण्डेलिया, सुरेन्द्र साहू, अंकित कठठ्ल, केदार बरहादिया, सुनील रमपुरिया आदि मौजूद रहे



# हनुमान चालीसा का पाठ कर कांग्रेस ने अश्लील नाच के खिलाफ शिवराज सरकार का पुतला फूंका

**ग्वालियर।** शहर कांग्रेस अध्यक्ष डॉ. देवेन्द्र शर्मा के नेतृत्व में फूलबाग चौराहा पर रतलाम में भाजपा द्वारा आराध्य देव हनुमान जी की प्रतिमा के समक्ष महिलाओं का अश्लील नाच कराने के खिलाफ शिवराज सरकार का पुतला दहन किया। इस अवसर पर हनुमान चालीसा का पाठ भी किया गया। कांग्रेस अध्यक्ष डॉ. देवेन्द्र शर्मा ने पुतला दहन करते हुए कहा कि हुनमान जी के सामने अश्लीलता फैलाना भाजपा का चेहरा, चाल, चरित्र है, जिस देश में नारियों का सम्मान होता है, उस ही देश के मप्र में भाजपा के राज में महिलाओं का अपमान होता है। हनुमान जी हमारे आराध्य देव है जिस प्रकार से भगवान हनुमान जी की प्रतिमा के समक्ष विधायक चेतन कश्यप, महापौर प्रहलाद पटेल की उपस्थिति में महिलाओं की बॉडी बिल्डिंग के नाम पर भद्दा प्रदर्शन किया गया। यह भाजपा द्वारा आराध्य देव हनुमान जी का अपमान करना है। कांग्रेस ने महिलाओं को हमेशा सम्मान दिया है। पुतला दहन में विधायक सतीश सिकरवार, सुनील शर्मा, प्रभूदयाल जौहरे, संजय राठौर, अमर सिंह माहौर, वीर सिंह तोमर, आनंद शर्मा, धर्मेन्द्र शर्मा, श्रीमती सीमा समाधिया, डॉ. राकेश भदौरिया, महिला कांग्रेस अध्यक्ष श्रीमती मीनू परिहार, हरेन्द्र सिंह गुर्जर, रामनरेश परमार, सरमन राय, श्रीमती वीना भारद्वाज, ओमप्रकाश दुबे, बेताल सिंह गुर्जर, जसवंत शेजवार, जितेन्द्र भदौरिया, प्रेम सिंह कौरव, तरूण कुशवाह, संजय फड़तरे, मुकेश कुशवाह, सोनू राजावत, कुलदीप कौरव, पियुष जैन, संजीव दीक्षित, निधि शर्मा, प्रताप राव महाडिक, मुनेन्द्र भदौरिया, कैलाश चावला, विनोदी जेन, राजेश बाबू, महादेव अपोरिया, विष्णुकांत शर्मा, अनिल शर्मा बिट्टू, राहुल भदौरिया, सोहिल खान, अविनाश गुप्ता, अंकित आर्य, सुरेश प्रजापति, रवि शाक्य, सोनू राजावत, दिलीप मुदगल, मोहन मोदी, चरन सिंह लोधी आदि उपस्थित थे। संचालन कार्यवाहक अध्यक्ष महाराज सिंह पटेल ने किया।

# जन उत्थान न्यास का अखिल भारतीय हास्य कवि सम्मेलन 9 व 10 मार्च को



**ग्वालियर।** शहर की सामाजिक संस्था जन उत्थान न्यास के तत्तवाधान में 9 व 10 मार्च को अखिल भारतीय हास्य कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया है। इस कवि सम्मेलन में देश के ख्याति प्राप्त कवि शिरकत करेंगे। यह जानकारी विधायक एवं न्यास के अध्यक्ष डॉ. सतीश सिकरवार ने दी। विधायक डॉ. सिकरवार ने बताया कि 9 मार्च को सायं 6 बजे से तांगा स्टेण्ड नाकाचन्द्रवदनी तिराहा ग्वालियर पर आयोजित कवि सम्मेलन में हास्य कवि डॉ. रमेश शर्मा 'धुआंधार' बुरहानपुर, देवेन्द्र वैष्ड़णव राजस्थान, रंजना सिंह लखनऊ, प्रमोद पकंज बाराबंकी, अजय अंजाम औरैया, अरविन्द पोटा सुमावली मुरैना एवं हेमंत शर्मा ग्वालियर काव्य पाठ करेंगे। कार्यक्रम संयोजक सुसेन्द्र सिंह परिहार, सुरेन्द्र यादव, डॉ. महेश शर्मा आदि ने बताया कि कार्यक्रम की मुख्य अतिथि महापौर डॉ. शोभा सिकरवार होंगी, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डॉ. देवेन्द्र शर्मा करेंगे। इसके साथ ही पूर्व पार्षद पुरूषोत्तम भार्गव एवं प्रतिषठित व्यवसायी एवं समाजसेवी अशोक गोयल विशिष्ट अतिथि होंगे। 10 मार्च को अखिल भारतीय हास्य कवि सम्मेलन सायं 7 बजे से अग्रसेन चौराहा पुराना बस स्टेण्ड मुरार में आयोजित होगा। इस कवि सम्मेलन में हास्य कवि राजेन्द्र मालवीय इटारसी, लटूरी लट्ठ फिरोजाबाद, रंजना सिंह लखनऊ, प्रशांत कौरव गाडरवारा, राजकिशोर राज मुरैना, मोहित शौर्य गाजियाबाद एवं वासुदेव व्यग्र मुरैना शिरकत करेंगे। कवि सम्मेलन का संचालन के.के. पाण्डे करेंगे। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश कांग्रेस के उपाध्यक्ष एवं कोषाध्यक्ष अशोक सिंह होंगे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता महापौर डॉ. शोभा सिकरवार करेंगी। चेम्बर के पूर्व उपाध्यक्ष पारस जैन एवं पूर्व पार्षद जयनारायण सगर विशिष्ट अतिथि होंगे।

# सायबर सेल ने दो माह में खोजे 25 लाख 82 हजार के 111 मोबाइल, एसपी ने लौटाये आवेदकों के गुम मोबाइल

**ग्वालियर।** पुलिस अधीक्षक अमित सांघी को प्रतिदिन मोबाइल गुम होने संबधी आवेदन प्राप्त हो रहे हैं। जिस पर पुलिस अधीक्षक ने अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर (पूर्व/अपराध) राजेश डण्डौतिया को मोबाइलों को सायबर सेल ग्वालियर की टीम से टेऊस कराकर उनकी शीघ्र बरामदगी कराने हेतु निर्देषित किया गया। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशों के परिपालन में सीएसपी लश्कर/डीएसपी अपराध शियाज के.एम.के मार्गदर्शन में कार्य करते हुये थाना प्रभारी क्राईम ब्रांच निरी. अमर सिंह सिकरवार एवं प्रभारी सायबर सेल उपनिरीक्षक श्रीमती रजनी सिंह रघुवंशी द्वारा मोबाइल गुम होने संबंधी प्राप्त आवेदनों पर त्वरित कार्यवाही करने हेतु सायबर सेल की टीम को लगाया गया। सायबर सेल टीम द्वारा आवेदनों पर सतत कार्यवाही करते हुये विभिन्न कम्पनियों के 111 मोबाइलों को टेऊस कर बरामद किया गया। सायबर सेल की टीम ने माह जनवरी-फरवरी 2023 में लगभग 25 लाख 82हजार रूपये कीमत के 111 मोबाइल बरामद किये। जो कि एप्पल, ओपो, वनप्लस, सेमसंग, वीवो, टेक्नो, रेडमी, रीयलमी, एमआई, लाईफ आदि कंपनियों के हैं। मोबाइलों को ग्वालियर पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों व सायबर सेल की टीम द्वारा आज



होली के पावन पर्व के उपलक्ष्य में पुलिस कन्ट्रोल रूम सभागार में मोबाइल मालिकों को सुपुर्द किया गया। बरामद किये गये मोबाइल डॉक्टर, स्पोर्ट स्वीमिंग कोच, कबड्डी स्पोर्ट प्लेयर, हाईकोर्ट वकील,ए.जी. ऑफिस के सेवानिवृत्त अधिकारी, सेन्ट्ल जेल के लेब अधिकारी, रिटायर्ड फौजी, कम्प्यूटर ऑपरेटर, झाडू पोछा करने वाले सफाई कर्मचारियों, पुलिस जवान, पत्रकार, मजदूर, चैकीदार, गृहणी, प्राईवेट जॉब, ड्रायवर, स्टूडेंट, सब्जी फल ठेला वाले, किसान, बुजुर्ग, किन्नर, छात्र आदि के थे। जिन्हे पुलिस अधिकारियों द्वारा प्रदान किया गया। सभी मोबाइलों ग्वालियर, गुना, भिण्ड, मुरैना, शिवपुरी, दतिया, भोपाल, इटावा, झांसी, फरूखाबाद, दिल्ली, बिहार, राजस्थान आदि स्थानों से ट्रेस किया जाकर बरामद किये गये थे। रंगों के पावन त्यौहार होली में मोबाइल वापस मिलने पर सभी मोबाइल धारकों के चेहरे पर पुनः मुस्कान लौट आई।

इस मौके पर पुलिस अधीक्षक द्वारा सड़क पर मिले मोबाइल को सायबर सेल में जमा कराने वाले सेवानिवृत कृषि विभाग के अधिकारी को भी प्रशंसा पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। पुलिस अधीक्षक ने सायबर सेल की टीम को उक्त सराहनीय कार्य हेतु पुरस्कृत करने की घोषणा की है। गुम मोबाइलों को खोजने में उपनिरीक्षक श्रीमती रजनी सिंह रघुवंशी, प्र.आर. के.पी. सिंह यादव, प्र.आर. संजय सिंह जादौन, आरक्षक जैनेन्द्र गुर्जर, आरक्षक कपिल पाठक, आरक्षक सोनू प्रजापति की सराहनीय भूमिका रही।

# शा. विद्यालय से मानसिक मंदबुद्धि छात्र लापता

**ग्वालियर।** शा.मानसिक रूप से अविकसित बालक-बालिकाओ के आवासीय विद्यालय से विगत दिवस से एक बालक मुकेश जैन लापता है। शा0 मानसिक रूप से अविकसित बालक-बालिकाओ के आवासीय विद्यालय, ग्वालियर संभाग ग्वालियर जो कि सामाजिक न्याय एंव दिव्यागजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा संचालित है। इसमें शासकीय बंग्ला ई-4 में स्थित है। 5 मार्च को सांय 4 बजकर 1 मिनिट पर विद्यालय से मानसिक मंद छात्र मुकेश जैन पुत्र मोहनलाल जैन निवासी सिंकदर कम्पू ग्वालियर विद्यालय से कहीं चला गया है। स्थानीय निवासियो के द्वारा पूछने पर बताया गया कि बालक 7 न0 चौराहे की तरफ निकल गया है। ऐसी स्थिति मे आपसे अनुरोध है कि मंदबुद्धि बालक मुकेश जैन के संबंध में मोबाईल नम्बर 9669765314, 9893453082 एव 7415024439 पर जानकारी प्रदान करें। बालक के दाये हाथ पर उसके पिता मोहनलाल जैन का नम्बर गुदा हुआ हैं जो कि 9669765314 साथ ही विद्यालय से निकलते समय बालक आज लाल रंग का पेंट, नीला स्वेटर व चेक कलर की ब्लेक शर्ट पहने है चप्पल नही पहने था।

# लायंस क्लब ऑफ ग्वालियर का होली मिलन समारोह 8 मार्च को

**ग्वालियर।** लायंस क्लब ऑफ ग्वालियर जो प्रांत का सबसे बड़ा और सबसे पुराना गरिमामई क्लब है वह अपना होली मिलन समारोह रंगोत्सव 8 मार्च को एन 11 रिसोर्ट में रंगारंग रूप से करेगा। इस कार्यक्रम में कपल गेम्स, डांस, गानों की प्रस्तुति सदस्यों द्वारा दी जाएगी। साथ ही कलरफुल हाउजी सदस्यों के लिए अंताक्षरी और कुछ सदस्यों के लिए मस्ती भरे टाइटल भी दिए जाएंगे। इस रंगोत्सव में जोन चेयरमैन लॉयन राज शिवहरे की आधिकारिक यात्रा भी संपादित की जाएगी। लायंस क्लब ग्वालियर द्वारा मध्यप्रदेश चेंबर ऑफ कॉमर्स के नव निर्वाचित अधिकारियों को इस अवसर पर सम्मानित भी किया जाएगा। साथ ही क्लब के वो सदस्य जिन्हें एग्जीक्यूटिव सदस्यों में स्थान मिला है उनका भी सम्मान किया जाएगा। इस कार्यक्रम के प्रोजेक्ट कन्वीनर पूर्व अध्यक्ष लॉयन केदारनाथ गुप्ता हैं। लॉयन राकेश अग्रवाल उपाध्यक्ष इस कार्यक्रम के प्रभारी हैं। प्रोजेक्ट को-चेयरमैन लॉयन राहुल गोयल और लायन रवि पहवा है। कार्यक्रम के प्रोजेक्ट चेयरमैन लॉयन सुनील गोयल हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता अध्यक्ष लॉयन अनुपम तिवारी करेंगे एवं आभार सचिव दीपक बत्रा करेंगे।

# हरियाणा से लायी गई अवैध अंग्रेजी शराब के साथ तस्कर गिरफ्तार



**ग्वालियर।** होली के त्यौहार को दृष्टिगत रखते हुए ग्वालियर में अवैध मादक पदार्थ, अवैध शराब की खरीद-फरोख्त करने वालों के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में थाना थाटीपुर क्षेत्रान्तर्गतन्यू शांती विहार कॉलोनी में स्थित एक मकान में अवैध अंग्रजी शराब को छिपा कर रखे होने की सूचना पुलिस को मिली थी। इस सूचना पर पुलिस की एक टीम कार्यवाही के लिये मकान पर भेजा गया। पुलिस टीम ने घेराबंदी कर मकान पर दबिश दी तो वहां एक तस्कर 9 पेटी अंग्रजी शराब के साथ मिला। तस्कर के पास से पुलिस टीम को मैक्डॉवलविस्की की 6 पेटी, इम्पीरीयलब्लू की 2 पेटी व रायलस्टेग की 1 पेटी मिली। पकड़े गये तस्कर से अवैध अंग्रेजी शराब के संबंध में पूछताछ करने पर उसने बताया कि वह होली के त्यौहार पर खपाने के लिये अंग्रेजी शराब को हरियाणा से ग्वालियर लेकर आया था। पुलिस टीम द्वारा पकड़े गये तस्कर के खिलाफ थाना थाटीपुर में अप.क्र. 363/22 धारा 34 आबकारी एक्ट का प्रकरण पंजीबद्व कर विवेचना में लिया गया है। कार्यवाही में थाना प्रभारी क्राईम ब्रांच निरी. अमर सिंह सिकरवार, थाना प्रभारी थाटीपुर उनि. आनंद कुमार, क्राईम ब्रांच टीम- सउनि दिनेष सिंह तोमर, प्रआर. मनोज एस., प्रआर. भगवती सोलंकी, आर. विकास सिंह, पवन झा, योगेन्द्र सिंह, हरिओम व्यास एवं थाना थाटीपुर टीम- प्रआर. राजेष सिकरवार, प्रआर. प्रमोद बाथम, आर. दुगेष शर्मा की सराहनीय भूमिका रही है।

# सांसद, मंत्री, संभागायुक्त, कलेक्टर ने दी होली की शुभकामनाएँ

**ग्वालियर।** रंगों का त्यौहार होली की अंचल में धूम है। आज जहां होलिका का दहन हो रहा है। वहीं बुधवार 8 मार्च को धुलैडी पर रंगों से होली खिलेगी। मंत्री प्रघुम्न सिंह तोमर, भारत सिंह कुशवाह, सांसद विवेक शेजवलकर, संभाग आयुक्त दीपक सिंह, कलेक्टर अक्षय कुमार सिंह, निगमायुक्त किशोर कान्याल ने जिले के नागरिकों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनायें दी हैं। सांसद विवेक नारायण शेजवलकर ने रंगोत्सव होली की जिले के नागरिकों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनायें दी हैं। उन्होंने अपने संदेश में कहा है कि होली पर्व सभी के जीवन में खुशियों के नए रंग भरे। ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने प्रदेशवासियों को रंगों के पर्व होली की शुभकामनाएँ दी हैं। मंत्री तोमर ने कहा है कि आशा ही नहीं पूरा विश्वास है कि होली का पर्व जन-जन के मन में उत्साह एवं खुशी का रंग भरेगा। उन्होंने अपील की है कि होली पर्व पर सभी नागरिक ऊर्जा का अपव्यय रोकने करा संकल्प लें।

वहीं उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) भारत सिंह कुशवाह ने ग्वालियर जिले सहित सम्पूर्ण प्रदेश के निवासियों को रंगों के पर्व होली की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनायें दी हैं। उन्होंने अपने शुभकामना संदेश में कहा है कि होली का त्यौहार उत्साह, उमंग और आपसी भाईचारे के साथ मनाएँ। श्री कुशवाह ने किसान भाईयों से आग्रह किया है कि वे उद्यानिकी फसलें अपनाकर अपने जीवन में खुशियों के रंग भरें। संभाग आयुक्त दीपक सिंह एवं कलेक्टर अक्षय कुमार सिंह, निगमायुक्त किशोर कान्याल ने हर्षोल्लास के उत्सव होली पर बधाई और शुभकामनाएँ दी हैं। उन्होंने कहा है होली सामाजिक समरसता, सौहार्द्र और भाईचारे का त्यौहार है। यह त्यौहार विद्वेष और भेदभाव से ऊपर उठकर सबको एक साथ जीवन जीने की प्रेरणा भी देता है। उन्होंने सभी की सुख व समृद्धि की कामना की है।




# श्री काशी बाबा देव सरकार का मेला समारोह 11 और 12 को बेहट में, बनी उप समितियां

**ग्वालियर।** श्री काशीबाबा देव सरकार का मेला समारोह होली की चतुर्थी पंचमी यानी 11 और 12 मार्च को ग्राम इकौना बेहट में आयोजित होगा । इस मेला समारोह को भव्य साज सज्जा की गई है । पूरे मंदिर परिसर को आकर्षक लाइटिंग के साथ सजाया जा रहा है । वहीं मेला समारोह बेहतर प्रबंधन और देखरेख के लिए अनेक उप समितियां बनाई गई है । यह जानकारी श्री काशी बाबा देवस्थान न्यास के महामंत्री जवाहर प्रजापति ने दी। उन्होंने कहा कि इस मेला समारोह में आने वाले हजारों श्रद्धालुओं के लिए रुकने के लिए व्यवस्थाएं की जा रही है। उन्होंने कहा कि सैकड़ों सालों की परंपरा के अनुसार प्रजापति समाज श्री काशी बाबा देव सरकार पर होली की चतुर्थी और पंचमी पर बेहट में मेला समारोह का आयोजन होता आ रहा है। मेला समारोह को भव्य और सुंदर और आकर्षक बनाने के दृष्टि से इस बार आकर्षक विद्युत साज-सज्जा की जाएगी एवं एलईडी भी



लगाई जाएगी । मेला प्रांगण में सुरक्षा की दृष्टि से पूर्व से ही सीसीटीवी कैमरे लगे हुए हैं। उन्होंने बताया कि काशी बाबा मेला समारोह के लिए मेला संचालन समिति भी बनाई गई है। इनमें भोजन समिति उद्घोषणा समिति मेला साज-सज्जा समिति मेला सफाई व्यवस्था समिति स्टैंड समिति मंदिर सेवादार समिति सामग्री क्रय समिति भंडारा प्रसादी और पुरुष व्यवस्था समिति सहित अन्य समितियां बनाई गई । श्री काशी बाबा देव सरकार मेला समारोह को सफल बनाने की अपील करने वालों में न्यास के अध्यक्ष प्रह्लाद प्रजापति महामंत्री जवाहर प्रजापति उपाध्यक्षगण मातादीन प्रजापति गोहद मनीराम प्रजापति डालचंद प्रजापति मंत्री बलराम प्रजापति कोषाध्यक्ष आनंद प्रजापति संगठन मंत्री भगवानदास प्रजापति मुरैना प्रचार मंत्री आदराम प्रजापति, वरिष्ठ समाजसेवी खुशाली राम प्रजापति दुर्गा प्रसाद पहाड़िया भगवान दास प्रजापति मुरारी लाल प्रजापति हरचरण प्रजापति प्रहलाद पुत्तू सिंह प्रजापति विश्वकर्मा डॉ राम बिहारी प्रजापति लक्ष्मीनारायण लवानिया मुरैना के रामबाबू प्रजापति रामहेत प्रजापति रामअवतार प्रजापति भिंड के अध्यक्ष नाथूराम प्रजापति गिरीश प्रजापति पूर्व सरपंच कैलाश प्रजापति गोरमी गोहद के रामअवतार प्रजापति नारायण प्रजापति मालनपुर के पूरन प्रजापति डबरा के वेदराम मास्टर साहब, शिवपुरी के हरज्ञान प्रजापति मथुरा प्रसाद प्रजापति प्रमोद प्रजापति तथा नरेश प्रजापति डबरा आदि शामिल हैं।

स्वामी, प्रकाशन, मुद्रक एवं संपादक भरत सिंह चौहान द्वारा वॉइस ऑफ मध्यांचल मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड 101 वैष्णोपुरम एबी रोड बिरलानगर ग्वालियर म.प्र. 474004 से मुद्रीत करा कर दीपू इलेक्ट्रॉनिक हनुमान मंदिर के पास भिण्ड रोड गोले का मंदिर जिला ग्वालियर मध्यप्रदेश 474005 से प्रकाशित। भरत सिंह चौहान पी. आर. बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। E-mail : Pushpanjalitoday@gmail.com 0751-4050784, Mob.:8269307478